After conducting the 5 pre-determined tests (5 IGRTs in group A and 5 ordinary unit tests in group B) a final test, common to both the groups was administered. This test was an ordinary type written test comprising 28 test items. All the items included in this test were strictly based on the 5 topics selected for the study. Easy, average and difficult questions were included in it. Test items were sufficient to measure their knowledge, understanding, application and skill level abilities.

The mark obtained by pupils of both the groups were entered separately and were analysed.

Analysis:

Arithmetic mean and standard deviation of the scores of group A and group B at the final test were calculated separately using the formulae.

(i) A.M. $A^{=}+\frac{C \times \Sigma f \ d}{N}$ (Psychological Statistics by Quinn Mc Nemar P.17).

A.M. stands for Arithmetic mean, A for assumed mean, C for class interval, f for frequency, N for total frequency and d for $\frac{X-A}{C}$

(ii) $\sigma = C \times \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{N} - \left(\frac{\Sigma fd}{N}\right)^2}$ (Ibid. P.21)

Where σ stands for standard deviation, C for class interval, f for frequency, N for total frequency and d for $\frac{X-A}{C}$

From the calculations it was found that :-

(i) The arithmetic mean of the scores of group A was 18.75 .

(ii) The standard deviation of the scores of group A was 8.79 .

(iii) The arithmetic mean of the scores of group B was 14.1 .

(iv) The standard deviation of the scores of group B was 7.6 .

To find out whether the difference in their means was significant, the Critical Ratio (C.R) was calculated using the formula:-

$$C.R. = \frac{M1 - M2}{\sigma D}$$ (Statistics in Social Research- An Introduction by Robert S. Weiss P.277)

M_1 the mean of the first sample; M_2 the mean of the second sample and

$$\sigma D = \sqrt{\frac{\sigma_1^2}{N_1} + \frac{\sigma_2^2}{N_2}}$$ Where

Where σ_1 is the standard deviation of the first sample and σ_2 the standard deviation of the second sample. N_1 and N_2 are the sample sizes.

The critical ratio calculated was 3.1.

Conclusions:

As the critical ratio calculated (3.1) is greater than both the table values 1.96 and 2.58 (ie. $3.1 > 1.96$ & 2.58), the null hypothesis is rejected at 0.01 level. Hence, it was concluded that there existed significant difference in the achievement motivation of the pupils subjected to IGRT.

.-.-.-.-.-

प्राथमिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण के लक्ष्य की पूर्ति हेतु न्यूनतम अधिगम स्तर की दक्षता की प्रतिपुष्टि हेतु शालेय प्रसारण के अन्तर्गत फिल्मी गीतों का प्रयोग कर कार्यक्रम का निर्माण एवं उसके प्रभाव का अध्ययन ।

- डा० चित्तरंगद उपाध्याय

(क) समस्या का चयन :-

अनेक विकसित और विकासशील देशों ने शिक्षा क्षितिज को विस्तृत बनाने के लिए एक विशेष माध्यम के रूप में रेडियो को अपनाया है । अधुनातन ज्ञान, सूचना तथा मनोरंजन कार्यक्रमों के लिए रेडियो ने सबल माध्यम की भूमिका निभाई है ।

यह सत्य है कि रेडियो शिक्षक का स्थान नहीं ले सकता किन्तु यह उतना ही सत्य है कि शिक्षण कार्य में रेडियो बहुत सहायता कर सकता है । इसका उद्देश्य ज्ञान के उस क्षितिज से साक्षात्कार करना है, जो कि पाठ्यपुस्तकों की सीमाओं में संभव नहीं है । कोई भी माध्यम अन्तिम छोर तक नहीं पहुँच सकता है, फिर भी कक्षा जिसे उपलब्ध नहीं करा सकती, रेडियो आसानी से उसे करा सकता है । इसलिए देशभर में कई केन्द्रों से शैक्षिक प्रसारण कई दशकों से हो रहा है ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दस्तावेज में भी संचार माध्यम और शैक्षिक प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत उल्लेख किया गया है कि :-

"संचार माध्यमों का प्रभाव बच्चों और बड़ों के मन पर बहुत गहरा पड़ता है । आजकल इन संचार माध्यम के कुछ प्रोग्राम अति उपभोग की संस्कृति और हिंसा की प्रवृत्ति को बढ़वा देते प्रतीत होते हैं, और उनका प्रभाव हानिकारक है । रेडियो और दूरदर्शन के ऐसे कार्यक्रमों को बन्द किया जायेगा जो शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति में बाधक बन सकते हैं । फिल्मों और अन्य संचार माध्यमों में भी इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे । बच्चों के लिए उच्च कोटि के और उपयोगी फिल्मों के निर्माण के लिए सक्रिय अभियान चलाया जाएगा ।"

"शैक्षिक टैक्नोलॉजी के द्वारा मुख्य रूप से ऐसे कार्यक्रमों का निर्माण होगा जो प्रासंगिक हों और सांस्कृतिक रूप से संगत हो ।"[1]

---

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 पृष्ठ 18, मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार, नई-दिल्ली, 8.13 एवं 8.12

इधर राज्य के शिक्षा विभाग ने भी प्राथमिक विद्यालयों में रेडियो सेट्स पहुँचाने के लक्ष्य में वृद्धि की है । इससे श्रवण व्यवस्था सक्षम बनेगी । प्रसारण और श्रवण एक ही प्रक्रिया के दो पहलू हैं। आकाशवाणी केन्द्र भोपाल 1964 से छात्रों के लिए छात्रीय कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है । कुछ वर्षों से आकाशवाणी इन्दौर भी भोपाल के समन्वय से शैक्षिक प्रसारण में भागीदारी कर रहा है ।

आकाशवाणी द्वारा इन कार्यक्रमों के मूल्यांकन के लिए एक तरफा प्रपत्र विकसित किया गया है । जिसमें अध्यापकों से कार्यक्रम के प्रसारण सम्बन्धी विशेषताओं की जानकारी चाही गई है । लेकिन वस्तु स्थिति ऐसी है जिसमें किसी भी केन्द्र पर प्रारूपानुसार अध्यापकों से फीड बैक प्राप्त नहीं हो रहा है । आवश्यकता इस बात की भी है कि फीड बैक उनसे प्राप्त हो जिनके लिए ये कार्यक्रम निर्मित किये जा रहें हैं । तब ही इन कार्यक्रमों की सार्थकता सिद्ध होगी । अर्थात् कार्यक्रम की सार्थकता प्राथमिक शिक्षा के कार्यक्रमों में बच्चों की सक्रिय भागीदारी से ही प्राप्त होगी। यदि हम भागीदारी के तरीकों पर विचार करें तो हमारे सामने दो ही विकल्प नजर आते हैं, पहले कार्यक्रमों में बालक की भागीदारी बढ़ाकर तथा दूसरा प्रसारित कार्यक्रमों की प्रतिपुष्टि हेतु कार्यक्रमों में ही उचित प्रावधान करके । पहिले विकल्प में अधिक छात्रों को मौका मिलना सम्भव नहीं है जबकि दूसरे विकल्प में अधिक से अधिक बालक भाग ले सकते हैं । सेवाकालीन प्रशिक्षण में प्राथमिक शिक्षकों को वर्तमान में परम्परागत तरीकों से तैयार किये गये कार्यक्रम टेप करके सुनवाये गये और उनकी प्रतिक्रियाएँ प्राप्त की गईं । प्रतिक्रियाओं में शिक्षकों ने यह स्पष्ट किया कि ये कार्यक्रम प्राथमिक स्तर के बालकों के लिए उबाऊ एवं नीरस हैं । उनकी इस प्रतिक्रिया के आधार पर कुछ नये कार्यक्रम निर्माण करने के तरीकों पर विचार किया गया ।

सभी जानते हैं कि इस आयु वर्ग के बालकों में गीत, विशेषकर संगीत, लोकप्रिय होता है । यदि फिल्मी गीत है, तो बालकों का झुकाव उसकी ओर अधिक होता है । प्रत्येक कार्यक्रम में भले ही वे सामाजिक हों अथवा सांस्कृतिक इन गीतों का उपयोग प्रचुरता से हो रहा है। इसका प्रभाव भी कोमल मस्तिष्क पर होता है और बालक इनके प्रति आकर्षित हुए बिना नहीं रहते । होटल, चाय की दुकान, पान के ठेलों पर बजते हुए निम्न स्तरीय गानों को

कौन नहीं जानता। इन स्तरहीन गीतों ने बालकों के कोमल मस्तिष्क में विकृति को जन्म दिया है । आमतौर पर फिल्मी गीतों के फरमाइशी कार्यक्रम विविध-भारती का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है ।

अत: आवश्यकता इस बात की है कि चुने हुए अच्छी फिल्मों के गीतों का उपयोग हम हमारे शिक्षण कार्यक्रमों में करें । इसके लिए आवश्यक यह होगा कि कुछ ऐसे फिल्मी गीतों का चुनाव हम करें जिनमें मधुर संगीत के साथ शिक्षण मूल्य अथवा विषय वस्तु छिपी हो । फिल्मी गीतों का उपयोग वातावरण के निर्माण के रूप में भी किया जा सकता है । चूंकि रेडियो फिल्मी गीतों कथा कहानियों व नाटक के प्रसारण के लिए एक सशक्त माध्यम है । अत: यदि इस माध्यम से हम कुछ नये कार्यक्रम निर्माण कर उसके प्रभाव का अध्ययन करें तो आकाशवाणी द्वारा निर्मित परम्परागत कार्यक्रमों में आमूल परिवर्तन हेतु सुझाव दे सकेंगे । अत: इस योजना के क्रियान्वयन हेतु विषय को चुना गया वह इस प्रकार है ।

"प्राथमिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण के लक्ष्य की पूर्ति हेतु न्यूनतम अधिगमस्तर की दक्षता की प्रतिपुष्टि हेतु शालेय प्रसारण के अन्तर्गत फिल्मी गीतों का प्रयोग कर कार्यक्रम का निर्माण एवं उसके प्रभाव का अध्ययन ।"

(ख) प्रयोग पद्धति की रूपरेखा का युक्तिपूर्ण तर्क :-

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुख्य दस्तावेज से स्पष्ट है कि शैक्षिक टैक्नोलॉजी के द्वारा मुख्य रूप से ऐसे कार्यक्रमों के निर्माण पर जोर दिया गया है, जो प्रासंगिक हों और सांस्कृतिक रूप से संगत हों । इसलिए उच्च कोटि के कार्यक्रमों के निर्माण के लिए सक्रिय अभियान की भी बात की गई है । अत: जिन उद्देश्यों को ध्यान में रखकर इस अभिनव प्रयोग को प्रारम्भ किया गया है, वह निम्नांकित है :—

1. न्यूनतम अधिगम स्तर की दक्षता की प्रतिपुष्ट करना ।
2. गीतों को विशेषकर फिल्मी गीतों को शिक्षण की विषयवस्तु से जोड़ना ।
3. शिक्षण में फिल्मी गीतों के उपयोग के तरीकों की प्रावीण्य विकसित करना ।
4. बालकों में मधुर संगीत में प्रारम्भ से ही रुचि जाग्रत करना ।
5. निकृष्ट संगीत और मधुर संगीत में भेद करने में दक्ष करना ।

6. प्राथमिक स्तर के बालकों में कार्यक्रम के श्रवणोपरान्त जिज्ञासा उत्पन्न करना ।

7. कार्यक्रम में उचित फीड बैक की व्यवस्था करना जिससे कि प्रत्येक छात्र की कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके ।

8. प्रतिक्रिया के रूप में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर को हल करने में शिक्षक, बालक तथा पुस्तकालय से अपेक्षित सहयोग सुनिश्चित करना ।।

9. ऐसे कुछ अन्य दक्षताओं और गीतों का चयन करना जो कि न्यूनतम अधिगम स्तर की दक्षता की सम्प्राप्ति हेतु सहायक हों ।

(ग) प्रयोग हेतु रूपरेखा तैयार करने तथा उसके परीक्षण के प्रति दृष्टिकोण :-

प्राथमिक स्तर के बालकों को गीत प्यारे होते हैं । यह भी सत्य है कि फिल्मी गीतों का प्रभाव बालकों के मन और मस्तिष्क पर सर्वाधिक होता है । वे इन गीतों में अधिक रुचि लेते हैं । उनकी इस रुचि का उपयोग फिल्मी गीतों के माध्यम से वातावरण का निर्माण करके प्रभावी रूप से शिक्षण किया जा सकता है । फिल्मी गीत लक्ष्य प्राप्ति में सहायक है ।

1. सर्वप्रथम न्यूनतम अधिगम स्तर की उस दक्षता को पहचाना गया जिस पर गीतों पर आधारित कार्यक्रम तैय्यार किया जा सकता है । इस कार्यक्रम के लिए कक्षा 4 के स्तर पर उल्लेखित दक्षता क्र. 10.4.13 "चन्द्रमा की कलाओं का अवलोकन करता है" का चुनाव किया गया ।

2. चन्द्रमा की कलाओं के लिए उस आकर्षक गीत का चुनाव फिल्मों से किया गया जिसमें चन्द्र के बारे में प्रासंगिक जानकारी मिलती है । कार्यक्रम निर्माण हेतु फिल्म 'लाजवंती' के गीत 'चन्दा मामा मेरे द्वार आना, लेके किरणों के हार आना' का उपयोग किया गया ।

3. इस गीत को प्रस्तुत वातावरण के निर्माण के रूप में की गई । बाद में विषयवस्तु को गीत से जोड़ने हेतु एक रूपक पर आधारित लेखन कार्य कर रेडियो, स्क्रिप्ट विकसित की गई ।

4. रूपक में फालोअप प्रतिपुष्टिता को बनाये रखने के लिए विशेष प्रावधान किये गये । इस हेतु रूपक में सवालीराम के रूप में एक काल्पनिक पात्र जोड़ा गया ।

5. तैयार रेडियो रूपक की स्क्रिप्ट के ऑडियो रिकार्डिंग हेतु शिक्षा महाविद्यालय, के शैक्षिक तकनीकी विभाग की सहायता ली गई ।

नोट : क्र. 1 से 5 के आधार पर तैयार की गई रेडियो स्क्रिप्ट की प्रति परिशिष्ट - 1 पर संलग्न है ।

6. तैयार किये गये ऑडियो कार्यक्रम का परीक्षण तीन स्तर पर करने का निश्चय किया गया ।

अ) सेवा पूर्व प्रशिक्षणार्थी ।

ब) सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षणार्थी ।

स) प्राथमिक स्तर के कक्षा 4 के बालक/बालिका ।

सेवा पूर्व प्रशिक्षार्थियों को परीक्षण में भागीदारी करने के पीछे यह तर्क रहा है कि वे आकाशवाणी द्वारा प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर प्रसारित किये जा रहे कार्यक्रमों के नियमित श्रोता हैं । क्योंकि इनके समय विभाग चक्र में रेडियो प्रसारण के श्रवण हेतु व्यवस्था की गई है । इसके साथ ही सत्रगत कार्य के रूप में इन्हें कार्यक्रमों की समीक्षा आवश्यक रूप से करनी ही होती है । अतः नये कार्यक्रम की समीक्षा ये उचित रीति से कर सकेंगे । नवनिर्मित कार्यक्रम को सुनाकर सारिणी अनुसार आंकड़े प्राप्त किये गये ।

सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षणार्थी वे हैं जिन्हें कार्यक्रमों को बालकों को क्षेत्र में जाकर सुनवाना हैं । इन शिक्षकों में कुछ आकाशवाणी द्वारा प्रसारित छात्रीय कार्यक्रम के नियमित श्रोता भी नहीं थे । अतः इन्हें चुने हुए कार्यक्रमों को टेपरिकार्डर की सहायता से सुनवाने की व्यवस्था की गई तथा कार्यक्रमों की समीक्षा करने के तरीकों से भी अवगत कराया गया । नवनिर्मित कार्यक्रम सुनवाकर आंकड़े सारिणी अनुसार एकत्रित किये गये ।

तृतीय स्तर पर परीक्षण उन बालकों पर किया गया जिनके लिए यह कार्यक्रम तैयार किया गया । इसके लिए संस्थान के निकट स्थित केम्ब्रिज प्राथमिक विद्यालय का चयन किया गया । इस विद्यालय की शिक्षिका को परीक्षण के तरीकों से परिचित कराया गया । तत्पश्चात् विद्यालय में प्रसारण कार्यक्रम टेपरिकार्डर की सहायता से प्रस्तुत किया गया । जिसमें परम्परागत कार्यक्रमों के साथ-साथ नये तैयार कार्यक्रम को भी सुनाया गया । आँकड़े सारिणी अनुसार प्राप्त किये गये ।

(घ) आँकड़ों का अवलोकन, संकलन और प्रक्रियन :-

परीक्षण हेतु तीन प्रकार के आँकड़े एकत्रित किये गये । प्रथम आँकड़ा अवलोकन से सम्बन्धित था जिसमें कार्यक्रम के प्रसारण के समय श्रोताओं की प्रतिक्रिया के साथ-साथ अवलोकन किया जाना था । इसके लिए रेडियो रूपक के आलेख में ही प्रावधान किया गया था । आलेख में दो चरित्र हैं, एक बच्चों की दीदी के रूप में तथा दूसरा सवालीराम के रूप में । दीदी बच्चों के लिए पत्र पर गीतों की व्यवस्था करती है जबकि सवालीराम विषयवस्तु से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करता है । कार्यक्रम के अन्त में सवालीराम का कार्य जिज्ञासा मूलक प्रश्न पूछने का है । प्रश्न विषयवस्तु से सम्बन्धित तो होता है लेकिन विषयवस्तु से बाहर का होता है और बालक को उसका उत्तर प्राप्त करने हेतु अन्य एजेन्सी यथा पुस्तक, शिक्षक, पालक मित्र आदि का सहयोग लेने को बाध्य होना होता है । प्रसारण में फीड बैक हेतु प्रदत्त सवाल को देने के पूर्व सवालीराम श्रोताओं को निर्देश देते हैं कि "वे प्रश्न लिखने को तैयार हो जाए" जल्दी से पेपर व पेन्सिल ले लीजिए ।

इस परिस्थिति में क्या श्रोता वास्तव में लिखने हेतु तत्पर हो जाते हैं? इस क्रिया का अवलोकन परीक्षणकर्ता द्वारा प्रत्येक स्तर के परीक्षण के लिए किया गया ।

अवलोकन के बाद प्रश्नों के माध्यम से तीनों स्तर पर आँकड़े सारिणी अनुसार प्राप्त किये गये ।

(सारिणी अगले पृष्ठ पर)

1) सारिणी में प्राप्त आँकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि नवनिर्मित कार्यक्रम को परम्परागत रूप से प्रसारित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तुलना में अधिक पसन्द किया गया । सेवाकालीन शिक्षकों ने चर्चा उपरान्त एक समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया । शिक्षकों के अनुसार यदि गीत विषयवस्तु पर हावी रहा तो शिक्षण बिन्दु प्रभावित हो सकता है । लेकिन प्रयोग के पश्चात् यह देखा गया कि बालकों से पत्रों के माध्यम से प्राप्त फीड बैक में गीत के बारे में कोई राय व्यक्त नहीं की गई थी, जबकि दीदी द्वारा प्रत्येक बालक से "गीत कैसा लगा ?" की जानकारी माँगी गई थी । इससे सिद्ध हुआ कि विषय वस्तु की पकड़ गीत की तुलना में अधिक रही ।

2) प्रसारण के दौरान प्रश्न लिखने के लिए उत्कण्ठा प्रदर्शित करने की प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि सम्पूर्ण प्रसारण में श्रोताओं का ध्यान विषयवस्तु और प्रसारण में लगा रहा । यह

सारिणी

क्र.	परीक्षण स्तर	कुल संख्या	कार्यक्रम में भाग लेने वालों की संख्या	प्रसारण का दिनांक	अवलोकन के अंतर्गत प्रसारण के दौरान प्रश्न के लेखन में तत्परता व्यक्त करने वालों की संख्या	आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रम		नवनिर्मित कार्यक्रम		प्राप्त फीड बैक		नवनिर्मित कार्यक्रम में क्या सुधार किया जा सकता है	अन्य टिप्पणी
						सचि- कारक	अन्वचि- कारक	सचि- कारक	असचि- कारक	तुरंत	पत्रों के माध्यम से		
1.	सेवा पूर्व प्रशिक्षणार्थी	30	30	1.10.93	30	-	30	-	30	30	-	-	-
2.	सेवाकालीन प्रशिक्षक प्रशिक्षणार्थी	30	27	7.10.93	24	1	26	-	26	27	-	बालकों को भी कार्यक्रम में बुलवाया जावे (3)	-
3.	प्राथमिक स्तर के कक्षा 4 के बालक	18	18	11.10.93	18	-	18	-	18	-	10	-	1

(शिक्षिका के अवलोकन पर आधारित)

प्रतिक्रिया बालकों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी समान रूप से अभिव्यक्त की । जो यह दर्शाती है कि उम्र का बन्धन भी कार्यक्रम की सहजता को प्रभावित नहीं कर सका । इसके साथ ही प्रश्न के उत्तर देने में भी श्रोता शिक्षकों में समान रुचि थी ।

निकटस्थ शाला के कक्षा 4 के 18 छात्रों पर किये गये परीक्षण के आंकड़े दर्शाते हैं कि 100% बालकों को कार्यक्रम पसन्द आया तथा 55% बालक/बालिका ऐसे थे, जिन्होंने सवालीराम को पत्र लिखकर सही उत्तर प्रेषित किये । सिर्फ 0.5% बालकों द्वारा अच्छे गीत की राय दी गई । जो यह दर्शाता है कि गीत की ओर अधिक ध्यान बालकों का नहीं गया । विषयवस्तु ही बालकों पर हावी रही । गीत ने सिर्फ वातावरण निर्माण का कार्य किया ।

प्राप्त पोस्टकार्डों के उत्तरों के विश्लेषण से पता चलता है कि कुछ बालकों के पालकों ने भी पत्र लिखवाने में मदद की है । पते लिखने में कुछ छात्रों द्वारा गलती की गई है । इस प्रकार सवालीराम के प्रश्न ने चार तरह के व्यक्तियों में सक्रियता उत्पन्न की (1) शिक्षक (2) पालक (3) छात्र स्वयं (4) छात्रों के मित्र ।

(च) अध्यापकों, विद्यार्थियों, विद्यार्थियों अध्यापकों, अभिभावकों के प्रति उपादेयता तथा प्राप्त परिणामों की प्रयोज्यता :-

आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर निष्कर्ष निकलता हैं कि -

1. सेवा पूर्व के साथ-साथ सेवाकालीन -

शिक्षकों में बालक प्रशिक्षण के कार्यक्रमों के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हुई तथा निर्मित कार्यक्रम को अपने-अपने विद्यालयों में सुनवाने की इच्छा अभिव्यक्त की ।

2. बालकों का प्रश्न का उत्तर ढूँढने में आनन्द आया और पत्र द्वारा उत्तर देने की प्रक्रिया में सम्मिलित हुए ।

3. कई बालकों द्वारा उत्तर को प्राप्त करने के लिए मित्रों, शिक्षकों और घर में पालकों से चर्चा कर सहयोग प्राप्त करने के प्रयत्न ने इन सबको सक्रिय किया । इससे अन्तःक्रिया (interaction) करने का भरपूर अवसर प्राप्त हुआ ।

4. रेडियो पर सही उत्तर देने पर अपना नाम सुनने के लिय बालक अधिक आतुर दिखलाई दिए । इससे परस्पर संवाद के मार्ग प्रशस्त हुए ।

5. स्पष्ट हैं कि बालकों ने उस प्रश्न का उत्तर अपने निजी प्रयत्नों से प्रदान किया जिसका उल्लेख विषयवस्तु में नहीं था । स्वयमेव सिद्ध करता है कि ऐसे कार्यक्रम बालकों के लिए कितने उपयोगी होंगे जिसमें द्वि-तरफा संवाद स्थापित हुआ जो शिक्षण के लिए आवश्यक हैं ।

6. इस कार्यक्रम की सफलता आकाशवाणी के लिए लाभकारी है। भविष्य के कार्यक्रम यदि इस प्रविधि से तैयार किये जाए तो प्रसारण प्रभावकारी होगा ।

7. कुछ दक्षताएँ स्वतः ही विकसित हो गई, जिनमें भाषा से सम्बन्धित दक्षता क्र. 1.4.2, 1.5.2, 1.4.3, 5.5.2 एवं 5.4.2 प्रमुख हैं ।

(छ) नवाचार पद्धति के कार्यान्वयन के लागत की प्रभावकारिता :-

प्रस्तुत नवाचार में लागत के नाम पर कोई व्यय नहीं हुआ है । भविष्य में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर शिक्षकों की सहायता से ऐसे कार्यक्रम और भी तैयार किये जा सकते हैं । अच्छा तो यह होगा कि अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं पर आधारित कार्यक्रम संस्थान स्तर पर ही तैयार हो और सिर्फ प्रसारण का कार्य आकाशवाणी करें । प्रत्येक संस्थान में विषय विशेषज्ञों की सेवाएँ उपलब्ध होती ही हैं । ऐसी स्थिति में रेडियो आलेख में विषयवस्तु से सम्बन्धित त्रुटि की संभावनाओं में व्यापक कमी आएगी ।

प्रत्येक संस्थान ऐसे अन्य कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार कर स्वयं की ऑडियो कैसेट लायब्रेरी भी विकसित कर सकता है, जिसका उपयोग जिले में स्थित प्रत्येक विद्यालय/संस्था लोन पर कैसेट प्राप्त कर, कर सकती हैं ।

xx रेडियो आलेख रूपक xx

प्राथमिक शिक्षा के लिए प्रसारण कक्षा - 4

दक्षता क्र. 10.4.3 चन्द्रमा की कलाओं का अवलोकन करता है ।

पृष्ठ 84 एम.एल.एल. (न्यूनतम अधिकतम स्तर पर आधारित)

समय - 20 मिनट

हमारे नन्हे मुन्ने श्रोताओं का प्राथमिक शिक्षा के इस प्रसारण कार्यक्रम में सबके साथ आपका स्वागत है, और बच्चों को सवालीराम का ढेरसारा प्यार भी ।

प्यारे बच्चों! आज आपकी अनु दीदी तो अभी तक आई नहीं है । ऐसा लगता है कि आज मुझे ही आपका कार्यक्रम आरम्भ करना होगा । अरे लो । वो आपकी अनु दीदी भी तेजी से इधर ही चली आ रही हैं ।

सवालीराम : अनु आज तो आपने बहुत देर कर दी क्या बात हैं ?

अनु : भाई सवालीरामजी जब मैं घर से चली तो मैंने सोचा कि क्यों न आज अपने नन्हें मुन्ने श्रोताओं के लिए एक गीत ले चलूँ ? बस उस गीत को ढूंढने छाँटने में मुझे थोड़ी देर हो गई । आशा है कि आप मुझे माफ करेंगे ।

सवालीराम : अच्छा तो आप आज गीत सुनाने जा रही हैं ? हम भी तो सुने, आखिर वह गीत कौन सा हैं ?

अनु : तो लीजिए आप भी बच्चों के साथ सुने लेकिन शर्त यह है कि आप मुझ से कोई सवाल नहीं पूछेंगे क्योंकि सवाल में मैं जरा कमजोर हूँ । अच्छा बच्चों तो यह रहा आपके लिए गीत -

"चन्दामामा मेरे द्वार आना लेकर किरणों का हार आना"

- फिल्म 'लाजवन्ती'

अनु : कहिये सवालीराम जी गीत कैसा रहा ?

सवालीराम : वाह । मजा आ गया । अनुजी आपने बहुत अच्छा गीत सुनवाया । आशा है कि हमारे नन्हे मुन्हों को भी पसन्द आया होगा ।

अनु : तो फिर सवालीरामजी अब आपकी बारी है, आज आप बच्चों को क्या बताने जा रहें हैं ?

सवालीराम : अनु जी मैं सोचता हूँ कि क्यों न मैं भी आज बच्चों को चाँद के बारे में ही बता दूँ ।

अनु : हाँ, यह तो बहुत ही ठीक होगा ।

सवालीराम : प्यारे बच्चो! तुम आकाश में चन्द्रमा तो देखते ही हो । यह हमारा पड़ोसी है । तुम जानते हो कि चन्द्रमा का अपना प्रकाश नहीं होता यह सूर्य के प्रकाश से चमकता है, तुमने यह भी देखा होगा कि शुरू में चन्द्रमा की एक लकीर सी चमकती है फिर वह प्रतिदिन कुछ बढ़ता हुआ दिखाई देता है धीरे-धीरे वह बढ़कर थाली की तरह गोल हो जाता है, यह पूर्णिमा का चाँद कहलाता है । इसमें पन्द्रह दिन का समय लगता है । यह पूरा समय शुक्ल पक्ष कहलाता है । इसके बाद चन्द्रमा का चमकीला भाग धीरे-धीरे घटने लगता है । लगभग पन्द्रह दिनों के बाद एक रात ऐसी भी आती है जिसमें चन्द्रमा बिलकुल दिखाई नहीं देता है । यह अमावस्या की रात कहलाती है । पन्द्रह दिनों का यह समय कृष्ण पक्ष कहलाता है, दोनों पक्ष मिलकर लगभग तीस दिन का एक चन्द्रमास बनता है । चन्द्रमा की इन बदलती कलाओं के आधार पर ही आज भी बहुत से महीने और तिथि का हिसाब करते हैं ।

बच्चो! कुछ लोगों का यह मानना है कि चन्द्रमा पृथ्वी का ही एक भाग था जो आगे चलकर उससे अलग हो गया । जैसे पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है वैसे ही चन्द्रमा भी पृथ्वी का चक्कर लगाता है । किसी बड़े ग्रह के चारों ओर चक्कर लगाने वाले छोटे ग्रह को उसका उपग्रह कहते हैं । चन्द्रमा पृथ्वी का चक्कर लगाता है इसलिए यह पृथ्वी का उपग्रह कहलाता हैं ।

अनु : सवालीरामजी यह तो ठीक है । लेकिन क्या वास्तव में चाँद में बुढ़िया बैठी चरखा कात रही है ?

सवालीराम : हैं:हैं:हैं:हैं: अरे अनुजी । क्या आपको भी ऐसा लगता हैं । यह तो पुराने लोग कहा करते थे । गैलीलियो का नाम तो आपने सुना ही होगा । उसी ने अपनी दूरबीन

से सबसे पहले चाँद का निरीक्षण किया । यह लगभ साढ़े तीन सौ साल पहले की बात हैं । उसने बताया कि चाँद सपाट और चमकदार तश्तरी जैसा नहीं हैं । वह गोल है । उसकी सतह पर मैदान है, ऊँचे-ऊँचे पहाड़ हैं और गड्ढे भी, सतह पर लम्बी दरारें भी हैं । गैलीलियो की दूरबीन आज की दूरबीनों जैसी बढ़िया तो थी नहीं । उसने चाँद के मैदानों को सागर समझ लिया । आज तक उन्हें सागर ही कहा जाता है यद्यपि उनमें पानी नहीं हैं, तो अब तक आप समझ गई होंगी कि चाँद में कोई बुढ़िया चरखा नहीं कात रही है । दूर से देखने पर चाँद की सतह के आधे से अधिक भाग में काले धब्बे दिखाई देते हैं । इन्हीं को कोई बुढ़िया मान लेता है, तो कोई खरगोश और कोई कुछ और । वास्तव में ये लम्बे-चौड़े मैदान है, जो कि धूल और कंकड पत्थरों से ढंके हैं । इसके अलावा दूर-दूर तक चट्टानें फैली है ।

अनु : वाह । सवालीरामजी आप तो इस तरह सब कुछ बता रहें हैं जैसे आप चाँद पर घूम आए हैं ?

सवालीराम : अनुजी । मैं तो चाँद पर नहीं गया लेकिन मानव चाँद पर चहल कदमी कर आया हैं । अब तो बारी है मेरे सवाल करने की, तो बच्चो जल्दी से पेपर व पेन्सिल ले लीजिए और प्रश्न लिख लीजिए - "आपको यह बताना है कि चाँद की धरती पर पहला कदम रखने वाला व्यक्ति कौन था ?"

अनु : अच्छा - चाँद की धरती पर पहला कदम रखने वाला पहला व्यक्ति कौन था ? हाँ, गीत के बारे में भी लिखना न भूलें कि आपको गीत कैसा लगा ?

सवालीराम : अपना उत्तर हमें पोस्टकार्ड पर इस पते पर दें -

सवालीराम, जिला स्रोत इकाई, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उज्जैन 456 010.

बच्चो, आपके पत्र का हमें इंतजार रहेगा । सबसे पहले सही उत्तर प्राप्त होने वाले छात्रों का नाम हम अपने अगले कार्यक्रम में प्रसारित करेंगे । लेकिन याद रहे कि उत्तर हमें सिर्फ पोस्टकार्ड पर ही भेजे । अनुजी एक बार पता आप फिर से बता दें ।

अनु : पता हैं -

सवालीराम,

जिला स्त्रोत इकाई,

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,

उज्जैन 456 010

सवालीराम : अच्छा तो अनुजी अब नन्हें मुन्हों से इजाज़त लेते हैं । अगले कार्यक्रम में पुनः मुलाकात होगी । बच्चो । जय हिन्द ।

अनु : जय हिन्द बच्चो ।

(गीत का अन्तिम मुखड़ा)-

जाते हैं जाते हैं हम फिर आयेंगे, आना रे - आना रे - आना रे ।

=x=x=x=

अधिगम के इन्द्रधनुषीय रंग

एक अभिनव प्रयोग

-- श्रीमती नलिनी पाटिल

सामान्य जानकारी -

1 शाला का नाम — शासकीय रवीन्द्रनाथ टैगोर प्राथमिक शाला टी. टी. नगर, भोपाल, म.प्र. -462003

2- कक्षा — चतुर्थ

3- विषय — हिन्दी भाषा, असंज्ञात्मक पद्य-विकास

4- लिंग — बालक /बालिका

5- आयुवर्ग — 10 वर्ष से 12 वर्ष

6- संख्या — बालक 33 बालिका 34 योग 67

7- जाति

स. क.	जाति वर्ग	बालक	बालिका	योग	विशेष
1	अनुसूचित	14	16	30	
2	अनु. जन.	01	03	04	
3	पिछड़ा	07	06	13	
	योग	22	25	47	71%
4	सामान्य	11	09	20	29 %
	योग	33	34	67	

8- समयावधि — 3 अक्टू. 94 से 14 नवम्बर 94 (40 दिन)

9- समारोह प्रस्तुति दिनांक वार — 12 नवम्बर 94, शनिवार

10- सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति — कक्षा में अध्ययनरत छात्रों में बालक एवं बालिकाओं की संख्या लगभग समान है ।

अनुसूचित जाति, अनु. जन जातिएवं पिछड़े वर्गके 71 ✗ छात्र हैं जो झुग्गियों में निवास करते हैं । जिनके माता-पिता निरक्षर हैं । जिनकी औसत उपस्थिति 60 ✗ से 65 ✗ तक रहती है । कठिनाई से बालक/ बालिकाएँ शाला आ सकते हैं । परिवार की आर्थिक स्थिति उनके शाला आने में बहुत बड़ी रुकावट है । कचरे के ढेर में कागज, पन्नियाँ खोजने वाले बालक अपने लिए शैक्षिक साधन और शाला में आने हेतु समय नहीं जुटा पाते ।

अधिकांश बच्चों के पिता ठेला चलाना, मजदूरी करना या कपड़े धोने का काम करते हैं । माताएँ कचरा बिनना, घर-घर में बर्तन-झाड़ू,कपड़े धोना आदि कार्य करती हैं । घर में शैक्षिक वातावरण नहीं है । पुस्तकें पढ़ने के स्थान पर उन्हें अपने छोटे-छोटे भाई-बहिनों को संभालना अथवा माता-पिता के बाहरी कार्यों में उनका साथ देना पड़ता है ।

उपर्युक्त सामाजिक और आर्थिक परिवेश में पले /बढ़े बालक / बालिकाओं में भी ज्ञानात्मक प्रतिभा है । उनकी रुचियाँ और अभिरुचियोंभी हैं जो प्रतिभा प्रस्फुटन और अभिरुचियों के विकास के अवसर खोजने ही शाला आते हैं ।

समस्या

छात्रों के पास पाठ्यपुस्तकें एवं कापियाँ आदि का अभाव है । ऐसी स्थिति में हिन्दी विषय पढ़ना, लिखना व समझाना उनके लिए एक दुष्कर कार्य है । यह कटु सत्य शिक्षिका (प्रयोगकर्ता) के उस समय सामने आया जब संस्थान की ओर से दक्षता मूल्यांकन हेतु कक्षा 4 में प्रवेश किया । पुस्तकों के अभाव में छात्र सुनता है एवं रटता है । मौलिक सोचना, समझना, चिंतन मनन, सूझबूझ, भावानुभूतिएवं कल्पनाशीलता का विकास छात्रों में नहीं हो पाता । इन सब के अभाव में समानान्तर चलनेवाला ज्ञान, खोज एवं नैतिक उत्थान अवरुद्ध हो जाता है । कथन, भाषण, विचारों की प्रस्तुति गायन आदि का क्षेत्र बालसभा एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों तक ही सीमित तथा कुछ चुने हुए छात्रों की धरोहर बन कर रह जाती है। शिक्षण एक बोझिल, नीरस, उबाउ प्रक्रिया बन जाती है । प्रतिभा प्रस्फुटन के मार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं। छात्र आत्महीनता एवं कुंठा से ग्रसित होते हैं ।

उद्देश्य

प्रस्तुत प्रायोजना के उद्देश्य उपर्युक्त समस्या को ध्यान में रखकर §1§ म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विहित पाठ्यक्रम 1993 एवं §2§ भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय§शिक्षा विभाग§ द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट, " प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर" राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद्, अगस्त 1991 के आधार पर निर्धारित किए गए ।

1- मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विहित पाठ्यक्रम 1993 में अंकित पृष्ठ क्र. 68 पर कक्षा 4 के लिए हिन्दी शिक्षण के विशिष्ट उद्देश्य

विशिष्ट उद्देश्य-

1- शब्द भंडार में वृद्धि ।

2- विचार, भाव, तथ्य, घटना, स्थानीय परिवेश आदि पर प्रभावपूर्ण ढंग से वार्तालाप करना ।

3- अर्थ की गहराई समझने के लिए मौन वाचन की आदत डालना ।

4- बाल-साहित्य को पढ़ने की अभिरुचि जागृत करना ।

5- स्वास्थ्य संबंधी नियम, अच्छी आदतें, महापुरुषों और वैज्ञानिकों की जीवनी से उभरे जीवनमूल्यों के प्रति आस्था उत्पन्न करना ।

6- व्याकरण सम्मत मानक भाषा के प्रयोग की आदत डालना ।

7- अपने स्तर के उपयुक्त किसी बात को सुन पढ़कर समझना तथा उसके विषय में प्रश्न करने की क्षमता का विकास करना ।

8- सद्वृत्तियों का विकास- बड़ों का आदर , आज्ञा-पालन, समय पर काम करना, स्वच्छता, श्रम के प्रति आस्था, नियमों का पालन. सत्य बोलना, सद्व्यवहार, संवेदनशीलता, सहिष्णुता आदि नैतिक मूल्यों का रोपण करना ।

इसके साथ ही विभिन्न कौशल- श्रवण कौशल, वाक् एवं वाचन कौशल का विकास करना भी यह उद्देश्य रहा । §2§ प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर" भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय § शिक्षा विभाग § द्वारा

गठित रिपोर्ट, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, अगस्त 1991 में अंकित अध्याय 3 " भाषा में न्यूनतम अधिगम स्तर" पृष्ठ क्र. 15 पैरा प्रथम तृतीय पंक्ति में लिखित भाषा के प्रमुख नौ कौशल-सुनना, बोलना पढ़ना, लिखना, सुनकर एवं पढ़कर विचारों को समझना, व्यावहारिक व्याकरण, स्व-अधिगम, भाषा-प्रयोग और शब्द भंडार पर अधिकार आदि ।

3- बाल केन्द्रित शिक्षण से हिन्दी शिक्षण को स्वांतःसुखाय बनाना । आनंदानुभूति करते हुए ज्ञानार्जन करना ।

4- खोज प्रवृत्ति का विकास करना ।

5- संकलन की आदत डालना ।

6- संगीत एवं चित्रकला में निहित सौन्दर्य का रसास्वादन करने की क्षमता विकसित करना ।

7- चित्रांकन द्वारा अभिव्यक्ति एवं कल्पना शक्ति का विकास करना ।

8- निरूपयोगी वस्तुओं का सदुपयोग करना सीखना ।

9- सुन्दर एवं सजावट के महत्व को समझाना ।

कार्य-कारण-संबंध

निरीक्षण के दौरान देखा गया कि छात्रों में हिन्दी भाषा के प्रति उदासीनता का कारण अध्यापन के समय केवल पाठ्यपुस्तक का ही उपयोग करना । अतः बालक उतने मनोयोग से अध्ययन नहीं करते क्योंकि यह पाठ्यपुस्तक से अध्यापन शिक्षक केन्द्रित विधि बन जाती है । फलतः बालकों को भावानुभूति नहीं हो पाती एवं भावार्थ समझने में कठिनाई होती है ।

उपकरण और अधिगम संसाधन का आकलन और उपलब्धता

- हिन्दी पाठ्य पुस्तक -बाल भारती भाग -4 (वर्ष 1993)
- पाठों से संबंधित स्क्रेप बुक क्र. 1 से 7
- भारत माता की परिकल्पना हेतु वेशभूषा, श्रृंगार प्रसाधन एवं मुकुट ।
- भारत का लघु मानचित्र (निरूपयोगी ड्राईंग शीट का बना हुआ) ।
- तिरंगा ध्वज ।
- शूर-वीरों के चित्र - झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, राणा प्रताप, शिवाजी आदि ।

- शरीर के अवयवों का चित्र ।
- वन्य पशुओं के चित्र ।
- विभिन्न गीत ।
- महापुरुषों के प्रेरक प्रसंग एवं जीवनी (संक्षिप्त) कथन, सुविचार की पेपर पत्रिका से काटी गई कतरने ।
- रंग भरो- समाचार पत्र से काटी गई कतरनें ।
- महापुरुषों की उपाधियाँ (लिखित अंश)
- देश पहचानो -कुछ लिखित वाक्य ।
- + एवं 0 के संकेतों से चित्रअपनी कल्पना- शीलता एवं सूझबूझ से बनाने हेतु -बु.प्र. प्रमाणपत्र के प्रशिक्षणार्थियों के पाठयोजना की निरुपयोगी शीट्स जो एक तरफ कोरी हों ।

परिकल्पना

समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ बड़ों के लिए ही नहीं बच्चों के लिए भी ज्ञानवर्धक है । इस महत्व को स्पष्ट करना । समाचार पत्र केवल एक राजनीतिक सामाजिक एवं आर्थिक समाचारों के प्रसारण का साधन ही नहीं अपितु बालकों के ज्ञानवर्धक, मनोरंजन एवं शैक्षिक प्रसार तथा आत्म-विश्लेषण का साधन है । यह बोध कराना ।

- शैक्षिक अधिगम सामग्री " अमूल्य से अनमोल " सहज ही बन जाती है । यह प्रयोग द्वारा सिद्ध करना ।
- विभिन्न कौशलों एवं दक्षताओं का विकास सरलता से एवं सहजता से किया जा सकता है । यह अवधारणा सुस्पष्ट करना ।
- स्व-अधिगम सामग्री की ओर आकर्षित करना ।
- शिक्षण स्वप्रयासों से सरलतम हो सकता है । इस धारणा को सिद्ध करना ।
- पाठों में निर्दिष्ट पात्र एवं जीवजन्तुओं का जीवन दर्शन काल्पनिक नहीं अपितु अटल सत्य है । इसका बोध कराना ।

- थोड़ी मेहनत, कल्पनाशीलता, सूझबूझ, धैर्य एवं साहस से " सब संभव है" की पुष्टि करना ।
- जिन खोजा तिन पाइयाँ को सार्थक स्वरूप प्रदान कर अधिगम की अवधारणा छात्रों के मन मस्तिष्क में सुस्पष्ट करना ।

कार्य योजना

प्रथमतः शिक्षार्थियों से उनकी रुचि, समझ, कल्पनाशीलता के अनुसार समाचार पत्र, पत्रिकाओं से विभिन्न कतरने मंगाई गई । शिक्षार्थियों से कतरनों के कुछ अंशों को पढ़वाया गया । चुने हुए कुछ अंगों एवं गीतों को देखकर विभिन्न मुहावरें ,कहावतें, चुटकले एवं पहेलियों को उनकी याददाश्त स्मरणशक्ति के आधार पर लिखनेके लिए कहा गया । गीतों को पढ़ने-गाने का प्रयास किया गया । (तदनंतर) तदुपरान्त इनकी त्रुटियों एवं कठिनाईयों को दूर करने हेतु एवं अधिगम प्रक्रिया को बालकेन्द्रित बनाने हेतु सुनियोजित कार्यक्रम प्रारंभ किया गया ।

क्रियान्वयन

दिनाँक 3 अक्टूबर, 94 सेयह प्रायोजना शासकीय रवीन्द्रनाथ टैगोर प्राथमिक शाला टी-टी नगर भोपाल (म.प्र.) के कक्षा 4 के छात्रों पर कार्यान्वित की गई ।

छात्रों को उनके हिन्दी की पाठ्यपुस्तक बाल भारती भाग-4 का प्रथम पाठ-पद्य - " मातृभूमि" पढ़ने के लिए कहा गया । छात्रों ने उसे साधारण गद्य रूप में पढ़ा । तत्पश्चात् वही कविता प्रयोगकर्ता शिक्षिकाने उन्हें लयबद्ध गाकर सुनाई । छात्र गद्गद एवं भावविभोर हो गए । उस समय पद्य की प्रत्येक पंक्ति के भावानुरूप उनके चेहरे पर उतार-चढ़ाव स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहे थे । कविता का भावार्थ शिक्षार्थियों के बोलते चेहरों पर स्पष्ट रूप से दमक रहा था । उनसे वही कविता दोबारा पढ़ने के लिए कहा तो वे सामूहिक स्वर एवं भावविभोर होकर गाने लगे । अपने आप मातृभूमि की वंदना में उनके साथ अनायास ही जुड़ गए। इसी मुद्रा में प्रायोजन के समापन दिवस पर उन्होंने "भारतमाता" के सम्मुख खड़े होकर संपूर्ण कविता लयबद्ध गाकर प्रस्तुत की ।

छात्र सही, सुस्पष्ट, वाचन, सस्वर गायन करें, भावानुभव, चिंतन, मनन करें एवं मौन वाचन का अभ्यास करें इस उद्देश्य से उन्हें अनवरत रूप से मार्गदर्शन दिया गया ।

- छात्रों द्वारा लाई गई एवं स्वयं काटकर लाई गई समाचार-पत्र, पत्रिकाओं की कतरनों को एकत्र कर उनका समय-समय पर प्रयोग किया गया ।
- प्रयोग द्वारा इन कतरनों का संबंध हिन्दी विषय से जोड़कर उनकी उपयोगिता सिद्ध की गई ।
- कतरनों का विषयवार वर्गीकरण करके उन्हें अधिक समय तक सुरक्षित रखने एवं बार-बार प्रयोग में लाने हेतु स्क्रेप बुक में चिपकाया गया ।
- स्क्रेप बुक बनाने हेतु बी. टी. सी. के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रयोग की गई पाठयोजना की निरूपयोगी शीट्स का उपयोग किया गया ।
- स्क्रेप बुक बनाने की कला का ज्ञान दिया गया जो शिक्षार्थी एवं विषय शिक्षिकाओं के लिए भी सहज, सरल, रोचक एवं आनंदमयी प्रक्रिया बनी ।
- सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यहेतु मार्गदर्शन दिया ।
- सौन्दर्यानुभूति, रंग संयोजन , आकारों का समन्वय, संकलन हेतु विषय चयन, वर्गीकरण एवं कागज को सुरुचिपूर्ण चिपकाने की क्रिया से अवगत कराया गया ।
- संकलित विचारों, प्रेरक प्रसंगों का छात्रों पर प्रत्यक्ष विचारों के आदान-प्रदान, आचरण एवं विभिन्न उदाहरणों का प्रभाव स्पष्ट देखा गया ।
- पूर्व परीक्षण के प्रश्नों से शिक्षार्थियों में लगन, उत्साह एवं ज्ञान पिपासा जागृत करने का प्रयास किया गया ।
- विभिन्न क्षेत्र/ विषयों के ज्ञान-विस्तार हेतु अलग-अलग रोचक खेल (पझल्स) तैयार किए (बनाए) गए ।
- अधिगम की विशिष्ट विधियाँ प्रयोग में लाई गई ।

शब्दावली नियंत्रण – बोलना, पढ़ना, विचार बोधन एवं स्व-अधिगम का खेल ।

समोच्चारित शब्दों का खेल – डमडम, धमधम एवं छमछम शब्दों का अभिनय ध्वनि निकालकर ।

बलाघात के आधार पर वाक्य का अर्थ बदल जाने का खेल । जैसे –

1– मुझे घर जाना है । – सरल वाक्य ।

2–मुझे घर जाना है ? – प्रश्न वाचक ।

3–मुझे घर जाना है । – घर जाने की व्यग्रता प्रकट करना ।

4–मुझे घर जाना है । – अनुमति प्राप्त करने हेतु तीन शब्दों पर जोर । बल देकर बोलना ।

झंडा, डंडा, बंदूक, भाला– इनके विभिन्न स्थितियों में उपयोग अभिनय के साथ प्रस्तुत करो ।

खेल–खेल के माध्यम से पाठ्यवस्तु अधिगम के लिए आकर्षित करना।

जैसे – 1–अपनी मातृभाषा या स्थानीय बोली में वाक्य बोलकर बताओ ।

2–जोशपूर्ण कविता / गीत सुनाओ ।

3–2 – 2 पशु–पालतू एवं वन्य की आवाजें निकालो ।

4– आप बीती सुनाओ ।

5–एक चुटकुला अथवा पहेली सुनाओ ।

6–"जय" शब्द को अन्य शब्द से जोड़कर ऐसे शब्द बनाओ जिनका अर्थ जीत हार हो । (विजय, पराजय)

– शरीर के अवयवों से संबंधित कहावतों का वाक्य प्रयोग करो ।

जैसे–सिर – इसके सिर में तो भूसा भरा है ।

आँखें– मुझसे क्या गलती हो गई जो आँख दिखा रहे हो ।

नाक – गुस्सा तो तुम्हारे नाक पर रहता है हमेशा ।

कान–बात को तुम पहले अच्छी तरह समझ लो नहींतो मेरे कान खाओगे ।

गला– यह बात फाँस कीतरह मेरे गले में अटक रही थी । आज तुम्हें देखकर जबान पर आ ही गई ।

इसी प्रकार अन्य अवयवों का कहावतें / मुहावरों में प्रयोग कराना ।

अंकों का खेल -

1- अंकों के आधार पर मुहावरों का ज्ञान कराना ।

2- इस वृत में किस अंक की पुनरावृत्ति हुई।

3- वे कौन से अंक है जो आपस में स्थान बदलते ही भाव परिवर्तन करते / बदलते हैं - शत्रुता को मित्रता में बदल देते हैं ।

शत्रुता -36 {मित्रता-63}

4-इन + {धन} चिन्हों से एक रांगोली बनाइये ।

- "रंग भरो " की कतरनों को रंग संयोजन के माध्यम से चित्रित किया गया ।
- अधूरे चित्र उनकी कल्पना शीलता एवं सूझबूझ से पूर्ण किए गए ।
- खोजो, अंतर ज्ञात करो, बताओ, शब्द बनाओ आदि विभिन्न अधिगम सामग्री का शिक्षार्थियों ने भरपूर उत्साह एवं आनंद के साथ प्रयोग किया ।

इस अभिनव प्रयोग की नित्य नवीन क्रिया उनके जिज्ञासा, ज्ञान पिपासा की तृप्ति का आह्लादकारी एवं मनोरंजन का साधन बनी । छात्र प्रतिदिन प्रयोगकर्ता शिक्षिका की अधीरता से प्रतीक्षा करते पाए गए । पालकों ने इस कार्य में अपने बालकों का साथ दया । उनके द्वारा दी गई कुछ कतरनें जब स्क्रेप बुक में चिपकाई गई । उस समय उन छात्रों के मुख एक विशिष्ट तृप्ति का भाव लिए प्रफुल्लित हो कर दमक रहे थे ।

छात्रों की खोज प्रवृति के विकास की चरमसीमा देखकर मैने दांतों तले उँगली दबाई जब उसने कहा कि " मेडम पिंक सिटी जयपुर है तो अपना भोपाल " श्वेत नगर " है यह मुझे आज पेपर के लिफाफे बनाते समय एक स्थान पर उस पेपर में पढ़ने को मिला ।"

- + एवं 0 (धन एवं वृत) संकेतों से बनाएँ चित्र । के द्वारा छात्रों कीकल्पना शीलता एवं कलात्मकता को दिशा दर्शन दिया गया ।
- इन चित्रों के माध्यम से उन्हें कला का सौन्दर्य बोध एवं आकारों की सही-सही स्थिति तथा उनके क्षेत्रों का ज्ञान कराया गया ।

इस अभिनव प्रयोग के दौरान छात्रों में अतीम उत्साह देखने को मिला । प्रयोग समापन तिथि बाल दिवस के दो दिन पूर्व की निश्चित की गई । इसके पूर्व उनका पश्चपरीक्षण " आप कितने कीमती हैं ?" प्रश्नावली उसे उन्हें अपने असंज्ञानात्मक /नैतिक, सामाजिक , व्यावहारिक गुणों, स्वच्छता, आज्ञापालन, पर्यावरण चेतना आदि का आभास कराने हेतु किया गया ।

पश्चपरीक्षण के दिन अनुपस्थित छात्रों/उस दिन की अनुपस्थिति का गहरा आघात देखा गया । दूसरे दिन उन्होंने परीक्षण में उपस्थिति छात्रों से उन प्रश्न पर चर्चा की एवं वे भी बहुमूल्य हैं इसका आभास प्रयोगकर्ता शिक्षिका से निवेदन किया । उनके मुरझाए चेहरे से उनकी अमूल्य निधि खोने का भास सुस्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहा था ।

- प्रयोग समापन पर चचा नेहरु को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का प्रस्ताव शिक्षार्थियों का था । तदनुसार उन्होंने दि 12 नवम्बर 94 को उनके हिन्दी पाठ्य पुस्तक की कविता -पाठ 22 पृ. 116 "बाल दिवस" का चयन कर उसे "बालगीत" के रूप में प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।
- बालक अरुण कुमार साहा ने पेपर / समाचार पत्र नई दुनिया से "एक बच्चे की चाहत " गीत सुस्पष्ट सुनाया ।
- बालिकासलमा बानों ने जवाहरलाल नेहरू का संक्षिप्त परिचय दिया ।
- छात्र फारूक ने " मेरी पसंद, चंद छंद " में स्व-राजीव गांधी (म. प्र.) भोपाल निवासी डा. शंकर दयाल शर्मा (राष्ट्रपति) एवं यह मेरा देश का संक्षिप्त परिचय एक पेपर की कतरन लेकर पढा ।

कार्यक्रम प्रस्तुति की पराकाष्ठा उस समय दृष्टिगोचर हुई जब एक नन्हें से छात्र सतीश ने अपना उद्बोधन प्रारंभ किया – "दो मित्र" कहावतों और मुहावरों से युक्त दोमित्रों की नोंक-झोंक एकता की मिसाल थी । उद्बोधन नोंक-झोंक के अन्तिम वाक्य-हमारी एकता जिन्दाबाद । जयहिन्द ।" इतने जोश में बोले गए कि तालियों की गड़गड़ाहट भी उतनी ही आवेशपूर्ण ध्वनित हुई । दर्शक छात्र, शिक्षिकाएँ एवं स्वयं प्रयोगकर्ता शिक्षिका भी आश्चर्य चकित हो उस बालक को निहारते रह गए ।

"भारत माता" की बंदना उनके हिन्दी पाठ्यपुस्तक के प्रथम पाठ "मातृभूमि " की कविता के सामूहिक सस्वर गायन से कार्यक्रम का समापन किया गया ।

अनपेक्षित कार्यक्रम इतना मनोरम एवं आह्लादकारी हो गया कि छात्र " बाल दिवस" समाप्ति के पश्चात् भी उसका रसास्वादन करते पाए गए । इसका प्रभाव दिनांक 16 नवंम्बर 94 को उनको उनके कार्यक्रम के फोटो दिखाते समय अनुभव किया गया ।

मूल्यांकन

प्रस्तुत प्रायोजना से पाठ्यक्रम में निर्देशित विशिष्ट उद्देश्यों एवं कौशलों का सहजता से विकास हो गया ।

- व्याकरण शिक्षण का एक उबाऊ एवं नीरस भाग है जो सरसता से एवं आनंदमय प्रक्रिया बनकर सहज गम्य हो गया ।
- लोक भाषा का अनायास ही परिचय, प्रयोग करने का ज्ञान एवं समझने की क्षमता का विकास हो गया ।
- मुहावरों को बोलना, पढ़ना, समझना एवं वाक्य प्रयोग करना खेल-खेल में वार्तालाप द्वारा सीख गए ।
- क्रमबद्ध लेखन क्षमता का विकास हो गया ।
- व्याकरण सम्मत भाषा का प्रयोग करना सीख गए ।

- खेल-खेल में विभिन्न क्षेत्रों /विषयों का शिक्षण एवं जानकारी सरस ढंग से प्राप्त हो गई ।
- अनुशासन एवं एकता की भावना का सरलता से बोध हो गया ।
- नैतिक, सामाजिक, व्यावहारिक गुणों एवं पर्यावरण के चेतना जागृत हुई।
- स्व-अधिगम की ओर आकृष्ट हुए ।
- स्वमूल्यांकन करना सीख गए ।
- सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता, भावानुभूति का बोध हो गया ।
- अनुपयोगी सामग्री का उपयोग करना जान गए ।
- प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर-भाषा के नौ कौशल-सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना, विचारों का बोधन, व्यावहारिक व्याकरण स्व-अधिगम, भाषा प्रयोग एवं शब्दावली नियंत्रण आदि विकसित हुए ।
- शिक्षण/ ज्ञान रटकर नहीं अपितु सरलता, सहज एवं रोचकता से हृदयंगम करने की प्रक्रिया जान गए ।
- बालकेन्द्रित शिक्षण एक तरल, सहज, सरस, आनंदमयी विधि है इसका शिक्षक एवं शिक्षार्थियों को अनुभव हो गया ।

निष्कर्ष

छात्रों में पाठ्य पुस्तक के अभाव में भी शिक्षण के प्रति रुचि उत्पन्न की जा सकती है । और अधिगम को स्वांतः सुखाय एवं आनंदपूर्ण बनाकर ज्ञानार्जन किया जा सकता है । यह इस प्रयोग द्वारा प्रमाणित हुआ ।

- शिक्षक यदि मार्गदर्शन देकर विकास के अवसर उपलब्ध करा दें तो अधिगम स्वप्रेरित एवं आनंददायक प्रक्रिया बन जाती है ।
- " अधिगम का इंद्रधनुष " इसका प्रयोग इस दृष्टि से सार्थक हुआ कि शिक्षक एवं शिक्षार्थी स्वप्रेरित कार्यों / स्वअधिगम में रुचि लेने लगे ।

तुलनात्मक अध्ययन

प्रयोग पूर्व के छात्र व्यवहार और प्रयोग पश्चात् के छात्र व्यवहार में आकाश-पाताल का अंतर अनुभव हुआ । प्रयोग के पूर्व छात्र मौन, निष्क्रिय उदासीन और आत्महीनता से ग्रस्त थे । प्रयोग के दौरान एवं प्रयोग के उपरान्त

बच्चों के व्यवहार में ये वांछनीय परिवर्तन दिखाई दिए-

- सक्रियता, आत्मविश्वास, उत्साह और उत्फुल्लता उनकी विभिन्न गतिविधियों में दृष्टिगोचर हुई ।
- आत्म प्रकाशन का अवसर मिलते ही उनकी दबी-छुपी प्रतिभा साकार होकर सामने आई ।

नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता

दि. 10-11-94

कुल उपस्थित छात्र संख्या -36

प्रश्न क्रमांक	असंज्ञानात्मक पक्ष	सही उत्तर देने वाले छात्रों की संख्या	प्रतिशत
1	जल्दी उठने की आदत	30	83.33
2	शरीर की स्वच्छता	35	97.28
3	आज्ञापालन	34	94.4
4	सहयोग	32	88.8
5-	सजगता	33	91.6
6	आदर	32	88.8
7	पढ़ाई की नियमितता	33	91.6
8	खेल-कूद में सहभागिता	30	83.33
9	प्रसन्न रहना	30	83.33
10	सामाजिक चेतना	28	77.7
11	अतिथि स्वागत	34	98.4
12	घर की स्वच्छता	32	88.9
13	पर्यावरण सजगता	33	91.6
14	व्यवस्थितता	33	94.8
15	प्रेमभाव	34	98.2
16	सहायता	33	91.6
17	अनुशासन	34	98.4
18	समय की नियमितता	32	88.8
19	बालसभा में सहभागिता	27	75.00
20	सदुपयोग	33	88.8
21	रुचियाँ-शौक (पढ़ने का)	35	97.28
22	आत्म विश्वास	30	83.33
23	हिचकिचाहट शेष है	07	19.5
24	ईश विनय में आस्था	28	66.5
25	गायन-रुचि	31	86.1

विश्लेषण

" नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता "

संलग्न तालिका से स्पष्ट है कि - स्वमूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित 36 छात्रों में विभिन्न नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित हुई है ।

स्वच्छता, पढ़ने में रुचि इन दोनों आदतों का विकास 35 बच्चों में §97.28 ✗ बच्चों में § हुआ है । बच्चे शारीरिक स्वच्छता के प्रति सजग हुए । स्वअधिगम और अध्ययन अभिरुचि का विकास तो इस सीमा तक हुआ कि बालक पत्र-पत्रिकाओं की ज्ञानवर्धक कतरने बहुधा कक्षा में लेकर आए और सब छात्रों के सामने पढ़कर सुनाई ।

आज्ञापालन, अतिथि स्वागत, प्रेमभाव अनुशासन इन चार गुणों के विकास पर भी 94.4 ✗ छात्रों ने बल दिया ।

सजगता, पढ़ाई की नियमितता, पर्यावरण सजगता, सुव्यवस्थितता, सदुपयोग, सहायता जैसे गुणों के क्रियान्वयन के प्रति भी बालक उत्प्रेरित हुए । 91.6 ✗ छात्रों में इन गुणों के अविर्भाव का आभास हुआ ।

सहयोग, आदर, घर की स्वच्छता, समय की नियमितता-जीवन में उन्नति का द्वार खोल देती है, बच्चे इसके प्रति भी जागरूक दिखे । 88.8 ✗ छात्रों के व्यवहार में यह वांछनीय परिवर्तन दृष्टिगोचर हुआ ।

विद्यार्थियों में गायन रुचि का विकास हुआ । 86.1 ✗ छात्रों के सही उत्तर इसके प्रमाण है ।

जल्दी उठने की आदत, खेल-कूद में रुचि, प्रसन्न रहना, आत्मविश्वास जीवन में सफलता की कुंजी है । 83.33 ✗ छात्रों ने इस बात पर बल दिया।

83.5 ✗ छात्रों में हिचकिचाहट / संकोच, आत्मविश्वास की कमी दृष्टिगोचर हुई । दूसरे शब्दों में प्रस्तुत अभिनव प्रयोग से 80.5 ✗ छात्रों में से हिचकिचाहट दूर हुई, आत्मविश्वास बढ़ा । न्यूनतम अधिगम स्तर में भी 80.80 प्रतिशत की बात कही गई है जिसका अर्थ है - 80 ✗ छात्र 80 ✗ उपलब्धि प्राप्त कर लें । इस कसौटी पर यह अभिनव प्रयोग खरा उतरा क्योंकि 80.5 ✗ छात्रों से हिचकिचाहट दूर हुई, आत्मविश्वास बढ़ा । 91.5 ✗ छात्रों में हिचकिचाहट, संकोच शेष रहने का कारण उनकी कक्षा में अनियमितउपस्थिति

ईश विनय में आस्था 66.5 ✗
बालसभा में सहभागिता 75 ✗
सामाजिक चेतना 77.7 ✗

ईश विनय में आस्था, बालसभा में सहभागिता, सामाजिक चेतना इन तीन बिन्दुओं से संबंधित प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले छात्रों का प्रतिशत क्रमशः उपरोक्तानुसार रहा ।

इन तीन बिन्दुओं का कम प्रतिशत यह दर्शाता है कि बच्चों की यह मानसिकता बन जाती है कि भाषण, गायन, उद्बोधन-सांस्कृतिक क्रियाकलाप एवं बालसभा की विभिन्न गतिविधियाँ सीमित तथा चुने हुए छात्र ही धरोहर/शिक्षक भी इन कुछ चुने हुए छात्रों को सदैव सहभागिता के लिए प्रोत्साहित करते हैं । शेष छात्रों की नियति निष्क्रिय श्रोता, दर्शक बनने की ही है ।

प्रस्तुत अभिनव प्रयोग से अधिकतर शिक्षार्थियों में सजगता और सक्रियता बढ़ी । प्रयोग की समयावधि लगभग 40 दिन रही । इन 40 दिनों में जिन छात्रों की उपस्थिति कम या अनियमित रही उन्हीं छात्रों में ईश विनय के प्रति आस्था, बालसभा में सहभागिता तथा सामाजिक चेतना के विकास में कमी पाई गई ।

निष्कर्ष

" नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता " इस तालिका के आँकड़ों के विश्लेषण से सिद्ध है कि 83.33 से 97.28 ✗ छात्रों में विभिन्न अच्छी आदतों, नैतिक मूल्यों का विकास हुआ है । केवल मात्र 19.5 छात्र ऐसे ही रहे जिनमें हिचकिचाहट, संकोच की भावना शेष रही । प्रयोगकर्ता की दृढ़ मान्यता है यदि इस अभिनव प्रयोग को कक्षा अध्यापक 2-3 माह तक क्रियान्वित करें, तो निश्चित रूप से इन बालकों में से भी हिचकिचाहट, आत्महीनता की भावना तिरोहित हो जाएगी । फलतः इन बालकों में आत्मविश्वास बढ़ेगा, बालसभा में सक्रिय सहभागिता होगी और सामाजिक चेतना भी बढ़ेगी ।

प्रतिक्रियाएँ

प्रस्तुत अभिनव प्रयोग के माध्यम से अधिगम आनंदप्रद बन गया । बालक, पालक, शिक्षक और प्रधान अध्यापिका की प्रतिक्रिया इस प्रकार रही –

– पालक की उदासीनता दूर हुई । पहले विरोधी प्रतिक्रिया लिखकर भेजी। फिर बालक के आत्मविश्वास और उत्साह को देखकर सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ प्रत्यक्ष प्रयोगकर्ता से भेंटकर आश्चर्यमिश्रित शब्दों में व्यक्त की– " मैं अपने बालक में हुए परिवर्तन से हैरान हूँ । । समझ में नहीं आया तो आपसे मिलने आ गया । मेरे बच्चे में इतना सुधार करने के लिए ... धन्यवाद ।"

– अधिगम अनुभव कराते समय छात्रों की जिज्ञासाएँ प्रत्युत्पन्न मति विचित्र कल्पनाएँ, शंकाएँ और उनका समाधान करने में नए–नए अनुभव प्राप्त हुए–

जैसे – स्क्रेप बुक नं. 3–"आओ सीखें अच्छी बातें, पृष्ठक्र. 3/5। सीख" "छोड़ो को समझा, अनुभव किया, तो पृष्ठ 5 पर " शब्द बताओ" में जेवर जो पैरों में पहना जाता है" के प्रत्युत्तर में एक छात्रा ने पायल के साथ एक अन्य जेवर का नाम बताया जो "पा" अक्षर से प्रारंभ तो नहीं होता था परन्तु द्वि-अर्थी था – वह क्या चीज है जो खाई और पहनी जाती है ? उत्तर था – लौंग ।

– छात्रों की जिज्ञासा का समाधान कक्षा स्थल पर ही प्रयोगकर्ता द्वारा किया गया।

स्क्रेप बुक–3 पृष्ठ– 3/59 " जरूरत है – जरूरत है के अंतर्गत दिए वाक्य – एक शिक्षक एवं छात्र के लिए गलत थे मेरे द्वारा काटने पर एक छात्रा बोली, " मेडम आपने वाक्य तो काट दिए पर हमें आपकी और आपको हमारी जरूरत है ।" बालिका के कथन की सत्यता जानते हुए मैने तत्क्षण उसी कतरन प लिख दिया, " शिक्षक को छात्र की, प्राण को गात्र की जरूरत है ।

– उपरोक्त स्क्रेप बुक में ही पृष्ठ–10 " कौन सा गुण किसका " में पशुओं के नाम एवं उनके गुण दिए गए । उन्हें पढने के बाद एक बालक ने पूछा" शिक्षक और छात्र के प्रमुख गुण क्या है ? " प्रयोगकर्ता शिक्षिका ने इस वाक्य द्वारा उनका समाधान किया – " शिक्षक में गुरुता व, छात्र में नम्रता" होनी

होनी चाहिए ।

- समाचार पत्र की कतरनों से तैयार स्क्रेप बुक्स देखकर एक शिक्षिका के उद्गार –
- स्क्रेप बुक एक अव्ययी अधिगम सामग्री है ।
- यह सहजता से बनाई जा सकती है ।
- स्क्रेप बुक अथवा पेपर से काटी गई कतरनों के माध्यम से अधिगम रोचक एवं शिक्षण कार्य सरल हो जाता है ।"

विशेष अभिलक्षण

प्रस्तुत प्रायोजना के दौरान एवं अनंतर शिक्षार्थियों के व्यवहार में ये परिवर्तन परिलक्षित हुए –

- विद्यार्थियों में खोज एवं जिज्ञासा प्रवृत्ति का विकास हुआ । वे स्वेच्छा से अपने घर अथवा पड़ौसी से पुराने समाचार पत्र लेकर उसमें अपने काम ज्ञान की सामग्री खोजकर कक्षा में प्रतिदिन लाने लगे । एक छात्र ने अपनी माता द्वारा लिफाफे बनाने हेतु लाए समाचार पत्र में से पढ़ा समाचार उस समय सुनाया, जब स्क्रेप बुक 3 पृ. 5/6। की कतरन " बताओ तो भला" में दिए भौगोलिक उपनाम में "पिंक सिटी" जयपुर " बताया । तब वह तत्काल, लगभग 2 वर्ष पूर्व तत्कालीन स्थानीय मंत्री की घोषणानुसार भोपाल को श्वेतनगर बनाया जाएगा " के आधार पर अपनत्व की भावना में – " अपना भोपाल भी श्वेतनगर है " बोल पड़ा ।
- आत्म प्रकाशन से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा ।
- अभिनय, गायन, मंच साहस एवं वक्तृत्व कला का विकास हुआ । इसका प्रमाण उनके द्वारा प्रस्तुत प्रायोजना समापन दिवस पर की गई प्रस्तुति से स्पष्ट दृष्टिगोचर हुआ ।
- धैर्य लगन और एकाग्रता के साथ कार्य करने की भावना परिपुष्ट हुई ।
- विषय चयन (समयानुसार) का ज्ञान हो गया । इसका प्रमाण उनके द्वारा लाई गई कतरने हैं । बालक अरूप कुमार साहा का चयन" एक बच्चे की चाहत– फूलों सा सुख देना" उसकी उत्तम खोज का प्रमाण है । उसने

इस गीत को भावविभोर होकर सुनाया । (स्क्रेप बुक-2 पृ. 2)

- छात्र सतीश द्वारा प्रस्तुत छोटी सी नोंक-झोंक मुहावरों से युक्त सार-गर्भित प्रस्तुति थी जिसका दर्शक छात्र एवं शिक्षक वर्ग ने तालियों की गड़गड़ाहट से भरपूर स्वागत किया ।

- बालक फारूक ने स्क्रेप बुक -3 पृ. 7/73 की कतरन का शीर्षक अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए बदल दिया- " काव्य सरिता, आपकी पसंद " के स्थान पर " मेरी पसंद- चंद छंद" बोल कर पढ़ा ।

- स्क्रेप बुक-। पृष्ठ-3/50 पर अंकित रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा "बंधन" के संबंध में कहे गए वाक्य से वे जान गए कि शिक्षा उनका हक/अधिकार है । इस अधिकार में उनकी पारिवारिक स्थिति बाधक है जिसके कारण वे नियमित शाला में उपस्थित नहीं हो सकते । इसका रोष/खेद उनके साथ की गई चर्चा से ज्ञात हुआ । शिक्षा / ज्ञान पिपासा उनमें रूप दिखाई दी ।

- स्क्रेप बुक-। पृ. 2/49 मूर्खता " के क्र. -5 पर अंकित-"यदि कभी तुम मूर्ख नहीं रहे तो निश्चय जानों तुम कभी बुद्धिमान नहींबन सकते ।" थैकरे के इस कथन से बालकों में साहस , दृढ़निष्ठा और विश्वास का आविर्भाव हुआ ।

- राजर्षि टंडन का "हिन्दी प्रेम" भी उन पर असर कर गया । छात्रों में हिन्दी बाल साहित्य, समाचार पत्र पढ़ने की चाह जागृत हुई । वे हिन्दी का आदर करते पाए गए ।
- शैक्षिक खेलों के प्रति आकर्षण बढ़ गया और वे नि नए माथापच्ची की कतरनों का उत्साहसे प्रयोग करनेमें व्यस्त हो गए । जिससे उनकी सूझबूझ एवं तार्किक शक्ति का प्रमाण मिला ।
- छात्रों को अपने मूल्य का आभास " हम इतने लाख के हैं ।" इससे अधिक कीमती बनने की लालसा में दृष्टिगोचर हुआ ।

- शिक्षार्थियों के मनन एवं चिंतन का साक्षात प्रमाण प्रायोजना समापन प्रस्तुति में उनके पाठ्य पुस्तक से चयन एवं प्रस्तुत कविताओं के द्वारा मिला । छात्र चिंतन एवं मनन ही नहीं उसका प्रस्तुतिकरण कर इस दिशा में निरंतर अग्रसर हो रहे हैं - यह इससे सिद्ध हुआ ।
- भारत माता बनी छात्रा का मुखमंडल अप्रतीम तेज से देदिप्यमान हो रहा था।वह इस पात्र में गर्व अनुभव कर रही थी ।
- बालकों की प्रस्तुति " मातृभूमि" नम्रता एवं देशप्रेम का जीवंत उदाहरण बनी । इससे छात्रों में इन गुणों का भरपूर विकास देखा गया ।
- समस्त छात्रों का मत था कि इस प्रकार की अधिगम सामग्री से शिक्षण दिया जाएँ ताकि पाठ्यक्रम शिक्षण -नीरस , बोझिल और उबाउ न रहकर सरस और सहज बन जाएँ ।

उपलब्धि

इस अभिनव प्रयोग की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि बालक और पालक सजग और सक्रिय हो गए । अधिगम सामग्री जुटाने में दोनों ने परस्पर योगदान दिया ।

- हर्ष की बात यह रही कि पुस्तकीय ज्ञान बोझिल न होकर एक सुखद आनंदकारी प्रक्रिया बनी ।
- शिक्षक और छात्रों के बीच संवादसेतु बना जिससे बालकों की प्रतिभा प्रस्फुटन के द्वार खुल गए ।
- छात्रों की प्रतिभा विकास को नए-नए आयाम मिले ।
- स्वतः स्फूर्त पहलशक्ति सेकम समय में अधिक ज्ञान विद्यार्थियों को मिला ।
- छात्रों ने अनुपस्थिति से अपने शिक्षण पर पड़नेवाले दुष्प्रभाव का अनुभव किया एवं नियमित कार्य करने की आदत का विकास हुआ ।

- न्यूनतम अधिगम स्तर की परंपरित अवधारणा को खंडित कर नई अवधारणा प्रतिस्थापित की गई ।
- " आओ सीखें अच्छी बातें " स्क्रेप बुक 3 पर " उद्गार" उनसे कुछ सीखो – में चाचा नेहरू के अमर कथन दिए गए हैं । शिक्षिका इन कथनों की प्रात्यक्षिक प्रतीती बालकों की प्रतिक्रियाओं के माध्यम से हुई ।
- नियमित उपस्थिति में परिवर्तन दिन प्रति दिन देखा गया । उनकी शाला में अनुपस्थिति का प्रमुख कारण पारिवारिक स्थिति है इस बात का आभास शिक्षार्थियों द्वारा व्यक्त किया गया । प्रस्तुत अभिनव प्रयोग प्रस्तुत करते समय यह सुखद अनुभव हुआ कि छात्र नियमित शाला में आने का प्रयास करते हैं ।
- झुग्गी –झोपड़ी में रहने वाले बच्चे जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर हैं और कम उम्र में ही पारिवारिक जिम्मेदारी से दबे हुए हैं, उनका ज्ञान, प्रतिभा एवं सजग बुद्धि उनकी गतिविधियों में प्रतिक्रियाओं में प्रतिबिंबित हुई । क्षमता है, आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा भी है । आवश्यकता है उन्हें प्रेरित करने की , उनकी शक्ति को रचनात्मक दिशा देने की और अधिगम [illegible] अनुभव को आनंदपूर्ण बनाने की । प्रस्तुत प्रयोग से बालक इतने उत्साहित और प्रेरित हुए कि प्रयोगकर्ता शिक्षिका को आश्चर्यजनक सुखद अनुभव हुआ । शिक्षार्थी सतीश ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा किसी विशेष परिवेश या परिवार की धरोहर नहीं होती । जिन्हें खिलना है वे कंटकों में, पत्थरों में भी खिलते हैं, विराने में बसंत लाते हैं और अपनी प्रतिभा से आसपास का वातावरण सुगंधित कर मोह लेते हैं । उसकी "दो मित्र" आपसी नोंक-झोंक एक आशातीत उपलब्धि है ।
- छात्रों का कक्षा में निर्धारित समय पर शिक्षिका (प्रयोगकर्ता) की अधीरता से प्रतीक्षा करना एवं उत्साह से शिक्षण में, विचारों के आदान प्रदान में सहयोग देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है ।

- शिक्षार्थियों की मानसिक परिपक्वता तथा सामान्य ज्ञान का ऊँचा स्तर दृष्टि गोचर हुआ । सामान्यतः हमारी धारणा यह है कि कि न्यूनतम अधिगम स्तर के जो निर्धारित मानदंड है वे मध्य प्रदेश के बालकों के बौद्धिक स्तर से ऊँचे हैं । उन तक पहुँचना मध्य प्रदेश के प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए असंभव नहीं तो दुष्कर कार्य अवश्य है ।

प्रस्तुत अभिनव प्रयोग में यह सामान्य धारणा दूर हुई । प्रयोगकर्ता का अनुभव बहुत आशापूर्ण और संभावनाओं से परिपूर्ण रहा क्योंकि शिक्षिका ने सही उत्तर, सजग बुद्धि की जितनी अपेक्षा की थी बालक, बालिकाओं के उत्तर और प्रतिक्रियाएँ उससे अधिक सकारात्मक और आशाप्रद रहे । जैसे - विभिन्न देशों के स्वतंत्रता दिवस की जानकारी प्राप्त करते समय एक बालिका ने कहा- नामीबिया का स्वतंत्रता दिवस एक अप्रैल है । सारी दुनिया में । अप्रैल " अप्रैल फूल" दिवस के रूप में मनाया जाता है । फिर नामीबिया के लोग अपने स्वतंत्रता दिवस को किस रूप में मनाते होंगे ।

- पिंक सिटी जयपुर " की जब चर्चा हुई तो एक बालक सहजता से बोल उठा " मेडम, जयपुर अगर पिंक सिटी है तो हमारा भोपाल भी व्हाइट सिटी " है । लगभग दो वर्ष पूर्व की स्थानीय मंत्री की घोषणा से भोपाल शहर के शासकीय कार्यालयों, भवनों निजी भवनों आदि पर सफेद पुताई कर श्वेत नगर की कामना की गई थी । यह उस बालक की खोज थी । बालक द्वारा यह तथ्य याद रखना, त्वरित बोलना वास्तव में आशातीत उपलब्धि है

- संकलित सुविचारों से प्रेरणा -

समाचार पत्रों से सुविचार की कतरनें स्क्रेप बुक में संजोयी गई हैं । स्क्रेप बुक -1 - याद करो - पृ-2 पर " मूर्खता" शीर्षक से 5-6 कथन दिए गए हैं । इसमें क्र. 5 पर कथन हैं " यदि कभी तुम मूर्ख नहीं रहे तो निश्चय ही तुम कभी बुद्धिमान नहीं बन सकते ।" थैकरे ।

बच्चों ने अपने परिवार और परिवेश में अनेकानेक बार इस कटु सत्य का सामना किया है जब उन्हें मूर्ख कहकर संबोधित किया गया है । थैकरे के उपर्युक्त सुविचार को पढ़कर बच्चों की सहज और स्वाभाविक प्रतिक्रिया यह रही कि लोग हमें मूर्ख कहते हैं तो कोई बात नहीं क्योंकि मूर्ख व्यक्ति भी बुद्धिमान बन सकता है ।

थैकरे के कथन ने बालकों में सहज ही आत्मविश्वास, संकल्प और साहस सुदृढ किया---" हम भी एक दिन बुद्धिमान बनकर दिखाएँगे । "

- प्रयुक्त अधिगम सामग्री का शिक्षार्थियों पर वांछित प्रभाव पड़ा ।
- रेखाओं के खेल-स्क्रेप बुक-7 छात्रों को दिए गए संकेतों §+ एवं 0§ धन चिन्ह एवं वक्रवृत्त के आधार पर बनाई गई रेखाकृतियाँ है । इसमें उनकी कल्पनाशीलता के विभिन्न आयाम दृष्टिगोचर हुए ।
- निस्संदेह यह प्रयोग बालकेन्द्रित शिक्षण हेतु एक उद्देश्यपूर्ण प्रस्तुति रहा । सरल, सरस एवं स्वअधिगम का माध्यम बना । अधिगम सामग्री अव्ययी एवं सहज उपलब्ध हो सकती है, इसका मार्ग प्रशस्त हुआ शिक्षक एवं शिक्षार्थी तनाव मुक्त रहकर शिक्षण कार्य करते रहे ।
- खेल-खेल में अधिगम आनंद - इस प्रयोग की सार्थक और सराहनीय उपलब्धि यह रही कि सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना, विचार बोधन , व्यावहारिक व्याकरण, स्व-अधिगम, भाषा प्रयोग और शब्दावली नियंत्रण जैसी दक्षताओं का अधिकतम विकास बालकों की विभिन्न गतिविधियों में सहजता से परिलक्षित हुआ ।
- असंज्ञानात्मक पक्ष में अच्छी आदतों का विकास और नैतिक मूल्यों की प्रतिस्थापना भी बालकों में हुई जिसका प्रमाण उनकी प्रतिदिन की शैक्षिक और सह शैक्षिक गतिविधियों से मिला जो उनके लिए एक आह्लादकारी अनुभव था ।

<u>सुझाव</u>

यह प्रयोग अल्प अवधि का न होकर शैक्षिक प्रक्रिया का अभिन्न अंग बने । शिक्षक को प्रतिदिन प्रत्येक पाठ को आनंदपूर्ण अधिगम बनाने के लिए स्वयं

सूझबूझ और कल्पनाशीलता एवं लगन तथा परिश्रम का परिचय देना पड़ेगा

- अध्यापन में विद्यार्थियों की सहभागिता एवं सक्रियता हेतु बालकेन्द्रित शिक्षण विधि का प्रयोग अधिकतम किया जाए ताकि बच्चे उसे आसानी से आत्मसात कर सके । स्वअधिगम हेतु प्रेरित होंगे और उनकी प्रतिभा का निरंतर विकास होगा ।
- ऐसे ही अल्पव्ययी एवं अव्ययी अधिगम सामग्री आधारित प्रयोग अन्य विषयों के लिए भी किए जाएँ तो निश्चित रूप से बालकों का शैक्षिक नैतिक एवं सामाजिक अन्वयन होगा ।

शैक्षिक उपादेयता

शिक्षकों के परस्पर सहयोग से ही बालकों का बहुमुखी विकास होता है । शिक्षकों की सक्रियता और समर्पण की भावना से ही शैक्षिक एवं नैतिक गुणों की वृद्धि निश्चित रूप से होती है । अतः आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षक नई दृष्टि, नई सूझबूझ और अपनी कल्पनाशीलता से स्वअधिगम की स्थितियाँ निर्मित करें । बच्चों की रुचि, योग्यता, क्षमता और संभावनाओं को उभारे और उजागर होने के अवसर उपलब्ध कराए ।

- सुविधा वंचित समूह के बालक/बालिकाओं को आत्म प्रकाशन के अवसर मिलने से वे द्विगुणित उत्साह और आत्मविश्वास से आगे बढ़ते हैं ।
- मौन और निष्क्रिय रहने वाले छात्र वाचाल और सक्रिय बन गए ।
- उदासीनता और आत्महीनता का अंधकार छटने लगा ।
- आशा और आत्मविश्वास का आलोक बालकों के आचरण में दमकने लगा।
- खेल- खेल में अधिगम आनंद की चरमसीमा यह रही कि पिंक सिटी के सार्थ लक्षण भोपाल को व्हाइट सिटी (श्वेत नगर) कहा ।
- काव्य सरिता में आपकी पसंद की पंक्तियों का वाचन करते समय शीर्षक बदलकर तत्काल कहा- " मेरी पसंद, चंद छंद" ।

- प्रस्तुत प्रायोजना की शैक्षिक उपादेयता इस दृष्टि से भी प्रमाणित हुई कि बच्चों ने भाषा, गणित, पर्यावरण, नागरिकता एवं इतिहास बोध, नैतिक मूल्य एवं लोक संस्कृति के प्रति रुचि का विकास सहजता से समवाय पद्धति से कर लिया । इसका अर्थ यह है कि प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर विविध विषय नितांत पृथक-पृथक नहीं रखे जा सकते हैं अपितु व्यक्तित्व के संतुलित, समग्र, सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न विषयों की समग्र जानकारी उन्हें इस रूप में मिले । भाषा, गणित आदि विषय परस्पर संबंधित, परस्पर प्रभावी एवं परस्पर पूरक है ।
- गायन/गाना किसी विशेष व्यक्ति का ही कार्य नहीं है । समयानुसार प्रत्येक व्यक्ति यह कार्य सहजता से कर सकता है । इसका अनुभव किया गया ।
- गायन से भावों की अभिव्यक्ति एवं अनुभूति जल्दी ही हो जाती है, यह अवधारणा सुस्पष्ट की गई ।
- पढ़ने, बोलने , सोचने, समझने, मनन चिंतन एवं गायन हेतु विशेष समय अथवा साधनों की जरूरत नहीं होती । उसे सहज उपलब्ध सामग्री में खोजा एवं पाया जा सकता है ।
- ज्ञानवर्धन हेतु शाला, घर, आसपास का वातावरण सहायक होता है, इसका बोध हो गया ।
- सुविचारों, महापुरुषों के प्रेरक प्रसंग, जीवन वृतांत- अनुशासन एवं आचरण पर किस प्रकार प्रभावी होते हैं, इसका अनुभव हो गया ।
- छात्रों की स्मरणशक्ति , हाजिर जबाबी, निर्भीकता, साहस, सहज बोलना, कहावतों-मुहावरों का सटीक प्रयोग करना, विषय / पाठ से संबंधित कतरनों को खोजना व प्रयोग करना एक आश्चर्य मिश्रित सुखद तथा प्रभावी उपलब्धि है – यह छात्रों ने अपनी विभिन्न गति-विधियों के माध्यम से प्रमाणित किया ।

13-26

- छात्रों को स्वअधिगम सामग्री का परिचय करवाया गया ।
- प्रयुक्त अध्ययी सामग्री से शिक्षण को सरल, सरस, रोचक एवं आह्लादकारी बनाया जा सकता है । इससे छात्रों के व्यावहारिक सामाजिक एवं उच्च नैतिक गुणों का विकास किया जा सकता है ।

यह अकाट्य सत्य है - निरूपित हुआ ।

——0——

पहेलियाँ

पूर्व परीक्षण

दिनाँक 4-10-94

1- वह कौन सी चीज है जो बिना आग के जल जाती है ? § बिजली §

2- हम दोनों पक्के मित्र
करते काम विचित्र
पाँच-पाँच है साथ
बताओ क्या है बात? § हाथ §

3- दोनों भाई पड़ोसी, कभी मिलन ना आपसी § नयन §

4- तीन रंग का सुन्दर पक्षी नील गगन में भरे
उड़ान, जय-जयकार करते सारे दे पूरा सम्मान। § तिरंगा-ध्वज §

5- ऐसी कौन सी चीज है जहाँ नदियाँ है पर पानी नहीं,
देश है पर मनुष्य नहीं, पहाड़ है पर ऊँचाई नहीं । § मानचित्र-नक्शा

6- ऐसे शब्द बताओ जिसका प्रथम एवं अंतिम अक्षर समान हो ।कोई-4

§ डालडा , सरस, जलज, जहाज §

7- समान उच्चारण वाले 4 शब्द बताइए ।

§ मगन, गगन, ठगन, लगन §

8- अपने शाला में गाई जाने वाली प्रार्थना की चार पंक्तियाँ सुनाइये ।

9- एक आप बीती का प्रसंग बताओ ।

10- एक वाक्य बोलिए जिसके बोलने के ढंग से / हावभाव से हर बार भिन्न अर्थ निकले ।

11- डमडम, धमधम, छमछम शब्द किस क्रिया को दर्शाते हैं ।

12- झंडा, डंडा, बंदूक , भाला किस बात के सूचक हैं ।

13- "जय" शब्द को अन्य शब्द से जोड़कर दो शब्द बनाओ जिसका अर्थ जीत-हार हो ।

14- शूरता पूर्ण कविता की पंक्तियाँ सुनाओ ।

15- 2 पशुओं और 2 पक्षियों की आवाजें निकालिए ।

16– भोपाल में कला प्रदर्शन का स्थान कौन सा है? § भारत भवन §

17– भोपाल में स्थित विश्वविख्यात धरोहर कौन सी है ?
§ताजुल मसाजिद §

18– जहाँ सिक्के ढाले जाते हैं वह स्थान क्या कहलाता है ?
§ टकसाल §

19– वह क्या है ? जिसे हमने सम्राट अशोक से अपनाया ।
§ शेरों वाली आकृति, चक्र §

20– वे कौन से देश है जो "स्तान" शब्द से जुड़े हैं ?
§ पाकिस्तान, अफगानिस्तान, हिन्दुस्तान
तुर्किस्तान, बलूचिस्तान आदि §

21. अंकों से सम्बन्धित 2–2 कहावतें कहिए ?
§ नो दो ग्यारह होना । तीन पाँव करना ।
एक टाँग पर खड़े होना । दो–दो हाथ करना §

22. कौन से पहाड़े में समान अंक आते हैं ? §1 1§

23. वह कौन से अंक है जिसे लिखने में वृत का प्रयोग किया जाता है ?
§1, 4, 7.....§

24. वह कौन से अंक है जो आपस में स्थान बदलते ही भाव बदलते हैं ?
§शत्रुता को मित्रता में बदल देते हैं §36§ §63§

25. वृत दो में किस अंक की पुनरावृत्ति हुई ?

26. इस कागज पर बने § + § इन चिन्हों को जोड़कर एक रंगोली बनाओ

27. इन टुकड़ों से मिलकर बनने वाली आकृति को पहचानिए § त्रिभुज §

28. इस वृत्त में ऐसे शब्द खोजो जो असंगत है ।

29. इन्द्र धनुष में कितने रंग होते हैं ? कौन से ?


30. आकाश में चन्द्रमा किस रात दिखाई नहीं देता ।

31. तुम्हारे घर का दरवाजा किस दिशा में है ?


32. अपने राष्ट्रीय ध्वज में स्थित चक्र पर कितनी धारियाँ हैं और वे किस बात का प्रतीक हैं । §24, प्रतिपल आगे बढ़ना §

13.29

प्रश्न क्र. 26 - + चिन्हों से बनाएँ रांगोली।




सरल रेखाओं को जोड़कर निम्न रांगोली बनेगी।



13.30

प्रश्न क्र. २८ त्रिभुज का खेल



उपरोक्त टुकड़ों को क्रमांकों के अनुसार जोड़ने पर एक बड़ा त्रिभुज तैयार होगा।

13.31

वृत्त में असंगत शब्द छाँटो

प्रश्न क्र. 28


वृत्त - १



13-32

प्रश्न क्र.-25 किस अंक की पुनरावृत्ति हुई ?

वृत्त - २



खेल-खेल में जीवन मूल्यों का विकास

क्या ? कहाँ ?

— भारती राउत

प्रेरणा

अध्यापकीय जीवन के 38 वर्षों में बार-बार यह अनुभव किया, कि बालकों के जीवन-मूल्य स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है । मन चिंतित होता रहा-एक छटपटाहट अनुभव होती रही - कुछ करने के लिए ।

गुजरात के विद्यालयों की शैक्षिक यात्रा करने पर कुछ ऐसे आदर्श संस्थानों के अवलोकन का सुअवसर मिला, जिन्हें देखकर मन में इस विषय को लेकर छात्रों के लिए कुछ करने की ललक बनी रही ।

प्राचार्य बनने पर वर्ग-2 अधिकारियों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण के दौरान भोपाल स्थित राज्य शिक्षा संस्थान के संचालक द्वारा प्रदत्त कार्य" मानस को हिलोर गया । यही अनुभव हुआ, कि हम केवल शिक्षा देते हैं , बालकों के मन की स्लेट तो कोरी ही रह जाती है । तभी से मन में विचार प्रबल होता रहा किबालकों के मानसिक विकास के लिए अवश्य ही कुछ करना चाहिए । § संलग्नः परिशिष्ट "प्रदत्त कार्य§

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में अनुज्ञानात्मक पक्ष अथवा मूल्यपरक शिक्षा पर बल देते हुए अंकित किया गया है कि - "शिक्षा-क्रम में ऐसे परिवर्तन की आवश्यकता है जिससे सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विकास में शिक्षा एक सशक्त माध्यम बन सके' । राष्ट्रीय स्तर की इस समस्या ने मन को प्रेरित किय कि जीवन- मूल्यों की शिक्षा के लिए खेल विकसित किए जाएँ ।

दक्षताएँ तो छात्रों में ऐसे विद्यमान हैं, जैसे धरती में छिपी अनगिनत अंकुरण -क्षमताएँ । शिक्षक यदि उन्हें खेलरूपी जल से अभिसिंचित करें, तो वे अंकुर अवश्य ही प्रस्फुटित हो सकते हैं और खेलों के माध्यम से ही बालकों में जीवन मूल्यों का अंकुरण किया जा सकता है ।

सत्र 1992-93 में हमारे संस्थान में प्राथमिक शिक्षकों ने सेवाकालीन प्रशिक्षण प्राप्त किया । उनके प्रशिक्षण काल में होती रही परिचर्चाओं में यही बात उभर कर आई, कि अभी तक भी बालकों के असंज्ञानात्मक पक्ष के विकास के लिए कोई गतिविधि किसी भी प्राथमिक विद्यालय में नहीं होती । इसलिए यह दृढ़ निश्चय किया कि खेलों के माध्यम से जीवन -मूल्यों की शिक्षा देने हेतु शिक्षकों को प्रेरित करने की योजना को अब तो कार्यान्वित करना ही चाहिए ।

चूँकि जीवन-मूल्यों का विकास किसी भी विषय-विशेष के साथ नहीं जोड़ा जा सकता, छात्र विद्यालय में जो भी अधिगम -अनुभव प्राप्त करता है, उनसे ही असंज्ञानात्मक पक्ष के विकास की ओर अग्रसर होता है, इसलिए खेलों द्वारा बालकों ककी बार-बार अनुभव दिए जा सकते हैं । उनकी सहायता की जा - सकती है कि वे सद्गुणों का चयन कर सकें, उन्हें आत्म-सात कर सकें और व्यक्तिगत जीवन-शैली का अंग बना सकें ।

निदान की आवश्यकता

1- बालकों में जीवन-मूल्यों के घटते हुए स्तर के कारण उनके व्यापक मूल्यांकन की गुंजाइश कम दिखाई देती है । अतः पहले मूल्यपरक शिक्षा आरंभ करें, तभी व्यापक मूल्यांकन में सहायता मिल सकेगी ।

2- शिक्षण -कार्य की रोचकता दिन व -दिन घटती जा रही है । इसलिए भी जरूरी है कि शिक्षा को खेलों द्वारा आनंददायी बनाया जाए ।

3- बाल केन्द्रित शिक्षा देने की समझ शिक्षकों में तभी आसानी से बढ़ाई जा सकेगी जब उन्हें खेल-खेल में बालकों में जीवन-मूल्य के विकास के खेल बताएँ जाएँ । इन खेलों पर चिंतन उन्हें बाल केन्द्रित शिक्षा की ओर अग्रसर करेगा ।

4- मानसिक कौशल-अर्जन के साथ बालकों में व्यक्तिगत व सामाजिक गुण जैसे - स्वच्छता, सहयोग कर्मठता, अच्छी आदतें आदि भी साथ-साथ विकसित किए जा सकते हैं ।

5- बाल्यावस्था जैसी लचीली उम्र में खेलों से बालक जो अधिगम करता है उसका प्रभाव बालक के व्यक्तित्व और चरित्र-निर्माण पर पड़ता है । वे अधिगम अनुभव बालक के जीवन के स्थाई अंग बनेंगे ।

6- बालक की अभिरुचियों -अभिवृत्तियों का विकास इस प्रकार हो कि बालक में जीवन-मूल्यों के प्रति विश्वास का बीज अंकुरित हो सके ।

कार्य-कारण संबंध

1- बालकों में जीवन-मूल्यों के विकास के लिए कुछ खेलों का बार-बार आयोजन करने से बालकों के व्यवहार में वांछनीय परिवर्तन लाया जा सकता है

2- खेलों द्वारा जीवन मूल्यों की शिक्षा उसे अधिगम भार या बोझ नहीं अनुभव होगी । अधिगम स्वतः होता रहेगा । अनायास ही वह जीवन मूल्यों की सार बातों को ग्रहण करता रहेगा ।

3- बालकों का विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ेगा ।

4- खेलों का आकर्षण उसे विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहने की प्रेरणा देगा ।

5- खेल माध्यम अपनाने से पुस्तकीय भार नहीं होगा न नैतिक शिक्षा : कोई पाठ्य-पुस्तक ही पाठ्य-सामग्री के रूप में सम्मिलित करनी होगी ।

6- विभिन्न खेल प्रत्येक बालक को अभिव्यक्ति का अवसर देंगे । इससे बालक को आत्मतुष्टि होगी । वह विद्यालय में अपने महत्व को उपस्थित रहने की अनिवार्यता को समझ सकेगा ।

7- खेल-सामग्री निर्माण में छात्रों का सहयोग बालकों की रचनात्मक प्रवृत्ति को तुष्ट करेगी ।

8- अब तक बालक के अध्ययन काल में अतंज्ञानात्मक पक्ष के विकास की जो उपेक्षा होती रही है उसे दूर किया जा सकता है और खेल-खेल में ही सरल तरीके से जीवन-मूल्यों के अधिगम काअवसर बालकों को प्राप्त होगा

9- जीवन मूल्यों का विकास न केवल परिवार और समाज की जिम्मेदा है वरन् शिक्षक की भी है क्योंकि वह भी उसी समाज अथवा परिवार की एक इकाई है । अतः जीवन-मूल्यों के विकास में वह सशक्त भूमिका निभा सकता

10- जीवन-मूल्यों संबंधी खेल बार-बार खेलने से बालक के कोमल मन पर वैसे ही प्रभाव डालेंगे जैसे - "रसरी आवत जात से, सिल पर परत निसान"

उद्देश्य

1- छात्र जीवन -मूल्य संबंधी शब्दों को समझने लगें । पाठ्यक-पुस्तक में पढ़ने के पूर्व ही सद्गुणार्थी शब्दों से उनकी पहिचान हो जाए ।

2- जीवन-मूल्य संबंधी खेल बार-बार खेले जाने से छात्र के व्यवहार में वांछनीय परिवर्तन होने लगें ।

3- जीवन-मूल्यों के प्रति उसमें स्वयमेव विश्वास उत्पन्न हो, मूल्यों को समझने की क्षमता उत्पन्न हो ।

4- चारित्रिक दृढ़ता के लिए छात्रों को कोई उदाहरण और उपदेश की आवश्यकता न हो । वे स्वयं एक उदाहरण देने योग्य व्यक्ति बनते ज

5- इस तरह के और भी अनेक खेलों का प्रभाव ऐसा हो, कि जीवन मूल्य बालक के अचेतन मन पर अमिट छाप अंकित कर सकें ।

क्षेत्र

प्रथम स्तर: छात्र

रहीदिया शासकीय माध्यमिक विद्यालय

कक्षा- स्तर : चौथी 25 आयु -वर्ग : 10 से 12 वर्ष
: पाँचवी 25 अवधि: 15 जुलाई 94 से
कुल छात्रों की संख्या: 50 10 नवम्बर 94 तक

चौथी कक्षा×में के छात्रों में दो सवर्ण, दो अनुसूचित जाति व इक्कीस छात्र पिछड़े वर्ग के थे । इनके पालक मजदूरी, लकड़ी की टाल व टेंट हाउस में नौकरी, दर्जी, ठेला चालक, पपराती, ठेकेदारी, लोहे या कोयले का व्यवसाय करने वाले थे । कक्षा पाँच में तीन सवर्ण, पाँच अनुसूचित जाति व सत्तरह पिछड़े वर्ग के छात्र थे । इनके पालक मिस्त्री, नाई, ट्रक व आटो ड्राइवर, मजदूर, पंक्चर सुधारक, दुकानदार, बढ़ई गिरी व नौकरी आदि करने वाले थे ।

1- बालकों के पालकों के पेशे से यह स्पष्ट होता है, कि ये छात्र सुविधासंपन्न वर्ग के नहीं थे ।

2- इस अभिनव प्रयोग में सम्मिलित बालकों में से अधिकांश पिछड़े वर्ग के बालक थे ।

3- 10 से 12 वर्ष की आयु के इन बालकों का अबोध मन जीवन-मूल्यों के खेलों से प्रभावित हो सकता है, इस दृष्टि से उनका चयन किया गया

द्वितीय स्तर: संवाकालीन शिक्षक

समूह क्रमांक	कार्यस्तर	अवधि दिन	से	तक	लिंग स्त्री	पु.	अनुभव	कार्यक्षेत्र शहर	ग्राम
1	सहा. जि. शा. निरीक्षक	1	8-7-98	-	1	9	10		
2	प्राथ. शिक्षक	12	25-7-94	6-8-94	19	19	38	5	13
3	प्राथ. प्रधान अध्यापक	7	17-8-94	24-8-94	11	2	13	5	8
4	सहा. शिक्षक	2	19-9-94	1-10-94	19	10	29	16	13
5	,, ,,	12	7-10-94	29-10-94	11	11	11	--	
6	,, ,,	12	,,	,,	25	21	46	-	46
			ग्राम क्षेत्र में						
7	प्राथ. प्रधान अध्यापक	7	10-11/94	2-11-94	3	20	23	23	--
				कुल संख्या	78	92	170	70	80

1-गतिविधियों में कुल 170 शिक्षक सम्मिलित हुए। इनमें से मूल्यांकन-पत्रक मात्र 50 (22 पुरुष 28 महिला) भरवाएँ।

2-प्रधानाध्यापक तथा जिला शाला निरीक्षकों से जीवन-मूल्यों पर एक दिन और प्राथमिक शिक्षकों से तीन दिन परिचर्चा के साथ गतिविधियाँ कराई गयीं।

3- सभी प्राथमिक शिक्षकों ने खेल स्वयं खेले।

परिकल्पना_

1- सेवाकालीन शिक्षकों को पारदर्शियों, परिचर्चाओं और चार्टों द्वारा जीवन मूल्यों से परिचित कराया जाये । जीवन मूल्यों की शिक्षा को शिक्षा में सम्मिलित करने की बात शिक्षकों को विश्वास में लेकर ही की जासकती है
2- बालकों में जीवन-मूल्यों के बीजारोपण का कार्य जो प्राथमिक स्तर पर ही किया जा सकता है, उसमें शिक्षक का सहयोग प्राथमिकताके आधार पर अनिवार्य व आवश्यक है ।
3- शिक्षक उसीसमाज में रहता है, जहाँ मूल्यों में गिरावट एक चिन्ता का विषय है । अतः मूल्यों का विकास शिक्षक के लिए एक चुनौती पूर्ण कार्य है
4- छात्र जीवन-मूल्य -शब्दों को पहचाने, समझे और आत्मसात करें ।
5- बालकों में जीवन मूल्यों के प्रति आस्था खेल-खेल में ही उत्पन्न की जा सकती
6- बाल-मन पर खेल जोछाप छोडे, उनसे जीवन -मूल्य पुष्ट और सुदृढ बनाए जा सकते हैं ।
7- बालकों में जीवन मूल्यों का विकास चरित्र-निर्माण में सहायक हो सकता है

रूपांकन

1- सद्गुण समेटो - पृष्ठ - 14.7
2- सत्य वचन, गुरु सत्य बचन है : - पृष्ठ - 14.13
3- तेरे नाम अनेक, तू एक ही है - पृष्ठ - 14.16
4- दीवारों से दिल तक पहुँचे - पृष्ठ - 14.18
5- हमारी संस्कृति के प्रतीक - पृष्ठ - 14.21
6- बहुरंगी है धरती हमारी - पृष्ठ - 14.29

रूपांकन -1_

विधा का नाम : गीत और खेल

उद्देश्य_

1- जीवन मूल्यों के प्रति खेल द्वारा चेतना उत्पन्न करना ।
2- पाठ्यक्रम में पढने के पूर्व ही खेलों द्वारा बालक शब्द के भाव को ग्रहण करने हेतु ज्ञान-प्राप्ति की सहमति प्रकट करें ।
3- बाल-मन में सद्गुणों के प्रतिग्रहण की भावना प्रबल हो तथा तदनुसार सदाचरण की अभिप्रेरणा उत्पन्न हो ।

4- बालक के मन को यह बात प्रभावित करे, कि सद्गुण विकास के अवसर बार-बार प्राप्त होते हैं । अतः वह एक बार की असफलता से निराश न हो, बल्कि सदैव यत्नशील और आशान्वित रहे ।

5- बालक खेल का आनंद उठाये ।

सद्गुण समेटो

सहायक सामग्री - 1

आओ बच्चो खेल खेलें - 2
आओ हिल मिल खेल खेलें -2
आओ सब मिल खेल खेलें -2
एक अनोखा खेल खेलें -2
एक निराला खेल खेलें -2

आओ, सद्गुण लेते जायें -2
आओ अवगुण त्यागते जायें -2
अपना जीवन हम ढालेंगे -2
अपनी राहें हम चुन लेंगे -2
आओ बच्चो खेल खेलें -2

खेल-खेल में अच्छी बातें
हम सीखेंगे , हम सीखेंगे , हम सीखेंगे ।

---0---

सद्गुण समेटो - सहायक सामग्री -2

सद्गुणों की सूची


सच बोलना	मीठा बोलना	ईमानदारी
भाईचारा	मित्रता	आदर करना
प्रेम/प्यार	सहयोग	दयालुता
सहनशीलता	भरोसा करना	सेवा भावना
समानता	याद रखना	नियमितता
समय की पाबंदी	समय का सदुपयोग	अनुशासन
आज्ञापालन	साहस	वीरता
निडरता	देश भक्ति	राष्ट्रीय एकता
त्याग	श्रद्धा	सादगी
सफाई	मानवता	एकाग्रता

अवगुणों की सूची


झूठ बोलना	कड़वा बोलना	बेईमानी
निराश	शत्रुता	अपमान
ईर्ष्या	असहयोग	कठोरता
असहनशीलता	अविश्वास	उद्दण्डता
भेद-भाव बरतना	भूल जाना	अनियमितता
मंदबुद्धिता	समय गँवाना	अनुशासनहीनता
अवज्ञा	आलस्य	अभद्रता
डरपोकपन	देशद्रोही	घृणा
स्वार्थ	अश्रद्धा	दिखावटीपन
गंदगी	जंगलीपन	मन भटकना

सहायक सामग्री - 3

मूल्य से विकसित गुण





मूल्य से विकसित गुण



14.10


सहायक सामग्री





सहायक सामग्री

मूल्य से तिलांजलि तक



शिक्षकों के लिए खेल-निर्देश और पूर्व तैयारी

1- पोस्ट-कार्ड आकार के कार्डों पर शिक्षक सूचि में अंकित सद्गुण लिखकर रखें ।

2- बालकों कोगीत का प्रत्येक शब्द स्पष्ट और सही उच्चारण के साथ ऊँचे स्वर में गाने के लिए तैयार करें और गीत कंठस्थ करवाएँ ।

3- बालकों को खेल के नियम समझायें ।

4- कार्ड पर अंकित प्रत्येक सद्गुण तथा अवगुण के बारे में शिक्षक प्रत्येक बालक के साथ संवाद बनाएँ रखें ।

5- मैदान में चूने से एक इतना बड़ा गोला खिचवायें, जिस पर कक्षा के सभी बालक खड़े होने के बाद आसानी से गोलाकरर में दौड़ सकें ।

6- गोले के बीचोंबीच एक मेज रखी जाएगी, जिसपर एक मजबूत सा डिब्बा रखा जाएगा । सद्गुण और अवगुण वाले कार्ड अच्छी तरह मिलाकर इस डिब्बे में एक के ऊपर एक उलटे करके रखे जायेंगे ।

गतिविधि का क्रियान्वयन

मैदान में एक बड़ा सा गोला खीचें जिस पर खड़े होकर बालक गोलाका में दौड़ लगाएँगे और दौड़ते हुए गीत गायेंगे । गोले के बीच में एक मेज पर सद्गुण और अवगुण अंकित कार्ड अच्छी तरह मिलाकर उलटकर रखें । मेज के पा खड़े होकर शिक्षक बच्चों के साथ-साथ ही गीत गायेंगे और जब गीत की अंतिम पंक्ति तीन बार दोहरायेंगे, तब गीत थम जायेगा ।गीत रुकते ही बच दौडकर मेज के पास जाकर और एक-एक कार्ड उठाकर गोले में अपनी जगह जाकर खड़े होंगे । अब प्रत्येक बालक उसकी पारी आने पर उसके पास का कार्ड जोर से पढ़ेगा, तब शिक्षक बालक से उस शब्द का भावार्थ पूछेंगे और स्वयं भी स्पष्ट करेंगे । यदि बालक के पास सद्गुण वाला कार्ड होगा, तो शिक्षक और सभी बालक 1-2, 1-2-3 के क्रम में पाँच बार ताली बजाकर शाबाशी देंगे और यदि अवगुण वाला कार्ड होगा, तो बालक को आउट तोयर देंगे, लेकिन कोई बात नहीं, अगली बार सद्गुण पाओ, यह वाक्य तीन बार गाकर उसे सान्त्वना देंगे । अब बालकों से अवगुण वाले कार्ड लेकर अलग रखें जायें और सद्गुण वाले कार्ड मेज पर बचे कार्डों में अच्छी तरह मिलाकर पुनः उलटकर रखे जाएँ और खेल पुनः शुरू होगा । दूसरी बार गीत रुकने पर आउट हुए बालकों को भी कार्ड उठाने का अवसर दिया जाये और सद्गुण कार्ड मिलने पर खेल में पुनः शरीक किया जाये ।

यह खेल तब तक चलता रहे, जब तक तमाम छात्रों को सद्गुण-कार्ड प्राप्त न हो जाएँ ।

बालकों के व्यवहार में वांछित परिवर्तन

सद्गुणों-अवगुणों के कार्ड बार-बार पढ़ने-देखने -सुनने का अवसर दिए जाने से बालकों में शब्दों के भावार्थ समझने की क्षमता विकसित हुई और हरबार सद्गुण कार्ड पाने की इच्छा उनमें प्रबल हुई। बालक पूरे खेल में निरंतर सक्रिय रहे, क्योंकि सद्गुणकार्ड प्राप्त होने पर साथियों की लयबद्ध तालियाँ उन्हें अवर्णनीय आनंद देती थीं और वे ऐसा एक भीमौका चूकना नहीं चाहते-से लगे । अवगुण कार्ड पाने वाले बालक आउट तो हो जाते, किन्तु साथियों की सस्वर सान्त्वन से अवगुण त्यागने और सद्गुण पाने की उनकी ललक द्विगुणित होती प्रतीत हुई ।

छात्रों द्वारा प्रतिक्रिया

§1§ बालकों ने सद्गुण शब्दों के भावों को गर्वपूर्वक ऊँचे स्वर में अभिव्यक्त किया ।
§2§ बालक आनंदपूर्वक यहाँ-वहाँ गीत-पंक्तियाँ गाते-गुनगुनाते रहे ।
§3§ सद्गुण कार्ड पाते ही बालकों का चेहरा दमक उठता ।
§4§ कार्ड उठाने मेंबालकों में तत्परता देखी गयी । वे पूर्ण सजग रहकर परस्पर भाव समझने का प्रयास करते रहे ।
§5§ बालकों ने कार्ड बनाने में भी पूरा-पूरा सहयोग दिया ।

शिक्षकों द्वारा प्रतिक्रिया

स्वयं खेलकर देखते समय सद्गुण समेटने में शिक्षकों में भी बालकों जैसा ही उत्साह, तत्परता और खुशी पाई गई । शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यार्थियों के लि भी कार्ड बनाए, गीत लिखे और याद किए । शिक्षकों ने खेल को प्रभावोत्पादक अनुभव किया और कहा- बालकों को खेल द्वारा सद्गुण अपनाने को प्रेरित किया जा सकता है ।§देखिए: शिक्षकों का अभिमत : पृष्ठ- 4.6.1

रूपांकन-2

सत्य वचन, गुरु सत्य वचन है ।

विधा का नाम: कथा का खेल

उद्देश्य

§1§ बालकों में सत्य और उचित उक्ति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा सत्य

और उचित का अनुमोदन करने की समझ और आदत उत्पन्न करना।

§2§ बालकों में उचित और अनुचित के अवसर को समझने की सुमति उत्पन्न करन

§3§ बालक को जीवन-मूल्ययुक्त वाक्यों को ध्यान से सुनने-समझने और भाव ग्रह का अवसर देना।

§4§ गृहकार्य के माध्यम से पालकों तक खेल के प्रभाव को पहुँचाना।

सत्य वचन, गुरु सत्य वचन है

सहायक सामग्री

सत्य वचन	असत्य वचन
1-फूल सुगंधित होते हैं।	1- नाखूनों को/ बढ़नेदें।
2-मोर के पंख रंगबिरंगे हैं।	2-पशुओं को हम खूब मारें।
3-हवा हमेशा शुद्ध रहे।	3-बगिया के सारे फूल तोड़े।
4-जल हमारा जीवन है।	4-बात-बात पर सबसे झगड़े।
5-आंगन में एक पेड़ लगायें।	5-शाला जाना गंदी बात है।
6-रोज-रोज नहाना चाहिए।	6-मैले कपड़े पहनना चाहिए।
7-शाला में समय पर जायें।	7- दूसरे की चीजें छीनते जायें।
8-सभी धर्मों का आदर करें।	8-यहाँ-वहाँ थूकते रहें।
9-दोस्तों पर भरोसा करें।	9-बड़ों के बीच में बोलना चाहिए।
10-अपंगों की सदा मदद करें।	10-पानी का नल खुला रखें।
11-खाने के पहले हाथ धोयें।	कचरा बगीचे में फेंका जाये।
12-घर का काम नियमित करें।	12-कापी के पन्ने फाड़ते रहें।
13-सभी की बात ध्यान से सुने।	13-दाँत से नाखून काटते जायें।
14-माँ के काम में मदद करें।	14-खाने पर मक्खी बैठने दें।
15-पुस्तकों पर पुष्ठा चढ़ायें।	15-कक्षा में खूब शोर मचायें।
16-खाना खूब चबाकर खायें।	16-बीच सड़क में चलते जायें।
17-सुबह सैर का नियम बनायें।	17-सुबह देर तक सोये रहें।
18-बच्चे मन के सच्चे होते हैं।	18-अधिक समय तक टी. वी. देखें।
19-प्रार्थना में कतार बनाकर जायें।	19-बड़ों की बात अनुसी करें।
बीमारी से बचने के टीके लगायें।	20-पढ़ने से हम जी चुरायें।
21-शाला को हम साफ रखें।	21-साथियों की चुगली करें।
22-राष्ट्र गान के समय खड़े रहें।	22-भाई-बहन को मुँह चिढ़ायें।

शिक्षकों के लिए खेल-निर्देश और पूर्ण तैयारी

1- शिक्षक सत्य और उचित उक्तियों की तथा असत्य और गलत बातों की अलग-अलग सूचियाँ बनायें ।

2- वाक्य छोटे, भावार्थी और स्पष्ट हों । खेल में उन भावों की आवृत्ति न हो ।

3- छात्रों को खेलने से पहले नियम समझा दें ।

गतिविधि का क्रियान्वयन

खेल के लिए छात्रों को कक्ष या पेड़ के नीचे छाया में गोल घेरे में बैठाया जाये । अब शिक्षक एक उक्ति जोर से बोलें । बालक उसका अर्थ समझे और उक्ति यदि सही है, तो दायां हाथ ऊपर उठाकर अनुमोदन प्रकट करें, साथ ही जोर बोलें - "सत्य वचन, गुरु सत्य वचन है ।" किन्तु यदि उक्ति अनुचित है, तो दोनों हाथों से मना करने का संकेत करें, साथ ही जोर से बोलें- "नहीं, नहीं। कभी नहीं ।" जो बालक गलत संकेत या गलत अभिव्यक्ति दें, उसे गोले के भीतर बुलाकर दो सही उक्तियाँ बनाने को कहें । यदि वह उक्तियाँ सही बना लें, तो उसे खेल में पुनः शामिल करें । यदि इसमें वह गलती करें, तो उसे उसके पालक की मदद से पाँच सही उक्तियाँ और पाँच गलत उक्तियाँ बनवाकर लाने का गृहकार्य दें । बड़े बालकों को खेल का नेतृत्व करने दिया जा सकता है ।

बालकों के व्यवहार में वांछित परिवर्तन

§1§ सही और गलत उक्तियों के अंतर को पहचानने की समझ बढ़ी ।

§2§ सही और सत्य का अनुमोदन करने से सही काम करने की चाह बढ़ी ।

§3§ अपने से छोटे को सही काम करने की सलाह देने लगे ।

§4§ बालकों ने सही बात सोचने के लिए पालकों से भी चर्चा की ।

§5§ गलत काम के लिए इन्कार करने का साहस जुटा सके ।

छात्रों द्वारा प्रतिक्रिया

बालकों ने औरों को सही काम के लिए टोक कर याद दिलायी जैसे - "नल बंद करो ।" "कुत्ते को मत मारो ।"

शिक्षकों द्वारा प्रतिक्रिया

§1§ सेवाकालीन शिक्षकों ने इस खेल को बहु-कक्षा-शिक्षण के लिए भी उपयोगी समझा

§2§ शिक्षकों ने व्यक्त किया, कि स्थानाभाव में छात्रों का मनोरंजन और अच्छी बातों की समझ एक साथ बढ़ाई जा सकती है।

रूपांकन-3
तेरे नाम अनेक, तू एक ही है।

विधा का नाम: माचिस का खेल

उद्देश्य

§1§ बालकों को देश में प्रचलित विभिन्न धर्मों के विषय में जानकारी देना।

§2§ बालकों में सब धर्मों के प्रति आदर व्यक्त करने की सर्व-धर्म समभाव की भावना का विकास हो।

§3§ विभिन्न धर्मों के पर्वों के बारे में जानने की बालकों में उत्सुकता जागृत हो।

तेरे नाम अनेक, तू एक ही है
सहायक सामग्री

धर्म	धर्म -ग्रन्थ	धर्म-पुरुष	धर्म-स्थल
हिन्दू	वेद-पुराण	ईश्वर	मंदिर
इस्लाम	कुरान शरीफ़	हज़रत मुहम्मद	मस्जिद
सिक्ख	गुरु ग्रंथ साहिब	गुरु नानकदेव	गुरुद्वारा
ईसाई	बाइबिल	ईसा मसीह	गिरजाघर
बौद्ध	त्रिपिटक	भगवान बुद्ध	चैत्य
जैन	गणिपिण्डक	महावीर स्वामी	मंदिर
पारसी	ज़िंदा-अवेस्ता	अहुर मज्द	अगियारी

शिक्षकों के लिए खेल-निर्देश और पूर्व तैयारी

§1§ संलग्न सहायक सामग्री की तालिका एक बड़े-से रोल बोर्ड पर बनाकर रखें ।

§2§ माचिस की खाली बत्तीस डिबियाँ लेकर उनपर सफेद कागज चिपकायें और तालिका के एक-एक खाने की जानकारी एक-एक डिबिया पर लिखें । ऐसे अनेक सेट बनायें । इस कार्य में छात्रों का भी सहयोग लें ।

गतिविधि का क्रियान्वयन

रोल-बोर्ड को खोलकर दीवार पर टांग दें और तालिका के प्रत्येक खाने की जानकारी पंक्तिशः पहले शिक्षक जोर से पढ़े, फिर छात्रों से ऊँचे स्वर में दोहराने को कहें । ऐसा कम-से-कम पाँच बार करें-करवायें । इसके बाद रोल-बोर्ड को लपेटकर रख दें । अब छात्रों के समूह बनाकर प्रत्येक समूह को माचिसों का एक सेट देकर तालिका के अनुसार माचिसों को ठीक से रखने को कहें । इस प्रकार छात्रों की स्मरणशक्ति को प्रखर बनाने को अभिप्रेरित करें ।

बालकों के व्यवहार में वांछित परिवर्तन

§1§ छात्रों ने मिश्रित धर्मों की जानकारी प्राप्त की ।

§2§ धार्मिक महपुरुषों, प्रसिद्ध धर्म स्थलों, तीर्थ-स्थानों के चित्र संकलन की चाह हुई ।

§3§ विभिन्न धर्म चिह्नों की अनुकृतियाँ बनाकर प्रदर्शित की गयीं ।

§4§ विभिन्न धर्म-पुरुषों, धर्म-पर्वों को जाने की जिज्ञासा हुई ।

छात्रों द्वारा प्रतिक्रिया

§1§ छात्रों ने सामग्री बनाने में बेहद रुचि ली ।

§2§ खेल से प्रेरित होकर, प्रभावित होकर धर्मों संबंधी अतिरिक्त सामग्री, यथा चित्र आदि स्वयमेव एकत्र किए ।

§3§ छात्रों ने अन्य धर्मों के पर्वों के बारे में पूछा गया यथा जाहिद गुल मोहम्मद ने शिवरात्रि, इरफान इलियास ने बड़ा दिन, कालूराम, शोभाराम ने ईद के बारे में ।

शिक्षकों द्वारा प्रतिक्रिया

§1§ शिक्षकों की मुख्य प्रतिक्रिया यह रही कि विभिन्न जानकारियों स्मरण रखने के लिए खेल की यह विधा बालकों के सर्वाधिक उपयोग की है । अतः देश

की प्रादेशिक जानकारी जैसे–नदी, पर्वत, प्रदेश, भाषा, तीर्थस्थान, वेशभूषा, कलाएँ, साहित्य, महापुरुष आदि –बढ़ाने के लिए भी इस विधा का उपयोग किया जाए ।

2–कुछ शिक्षकों ने इस दिशा में पहल भी की ।

रूपांकन –4

दीवारों से दिल तक पहुँचे ।

किरा का नाम: समस्या–पूर्ति

उद्देश्य

1–श्रेष्ठ उक्तियों के प्रति छात्रों का आकर्षण बढ़ाना तथा वे उन्हें कण्ठस्थ कर सकें इस हेतु सहयोग देना ।

2–भाषा–विकास के साथ बालक को भाव–ग्रहण तथा चिंतन का अवसर देना, ताकि उन्हें जीवन में उतारने का वे प्रयास कर सकें ।

3– नए तरीके से काम करने का प्रयास करना ।

4–सुन्दर लेखन के लिए छात्रों को प्रेरित करना ।

5–बालकों की याददाश्त को प्रखर करने में सहयोग देना ।

सहायक सामग्री

दीवारों से दिल तक पहुँचे

सांच	बराबर	तप नहीं
झूठ	बराबर	पाप
जाके	भीतर	सांच है
ताके	भीतर	आप

दुर्बल को न सताइये
जाकी मोटी हाय
मुई खाल की सांस सों
लोह भस्म हुई जाय

ऐसी बानी बोलिए
मन का आपा खोय
औरन को सीतल करे
आपौ सीतल होय

जहाँ दया तहँ धर्म है
जहाँ लोभ तहं पाप
जहाँ क्रोध तहं काल है
जहाँ क्षमा तहं आप

निन्दक नियरे राखिए
आँगन कुटी छवाय
बिन साबुन पानी बिना
निर्मल करत सुभाय

मधुर वचन है औषधि
कटुक वचन है तीर
श्रवण द्वार है संचरै
साले सकल सरीर

सहायक सामग्री

सुभाषित:

1-अंधानुकरण से आत्मविश्वास कम होता है । - भगवान बुद्ध

2- वास्तविक स्नेह प्रशंसा से नहीं, सेवा में व्यक्त किया जाता है-महात्मा गांधी

3-सत्य वह है जिससे प्राणियों का हित हो । - आदि शंकराचार्य

4-सत्य पीडाकारक हो, तो मौन अच्छा । - योगशास्त्र

5-फल की प्राप्ति लक्ष्य न हो, किन्तु अकर्मण्यता में आसक्ति भी न हो।-
भगवत् गीता

6-स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं उसे प्राप्त करके ही रहूँगा । -
-लोकमान्य तिलक

7-तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा।- नेताजी सुभाष

8- आराम हराम है । - जवाहरलाल नेहरू

9- जय जवान, जय किसान । - लालबहादुर शास्त्री

10- पालने से लेकर कब्र तक ज्ञान प्राप्त करते रहो। - कुरान

शिक्षकों के लिए खेल-निर्देश और पूर्व तैयारी

1- विद्यालय की दीवारों पर सुभाषित /दोहा-पट्ट लगायें ।

2- छात्रों को अपनी संकलन-पुस्तिका में सुन्दर अक्षरों में दोहे और सुभाषित लिखने तथा याद करने को कहें ।

3-उन्हें प्रतियोगिता के नियम समझायें ।

गतिविधि का क्रियान्वयन

बाल-सभा आयोजित कर बालकों की दो टीमें बनायें। शिक्षक सुभाषित अथवा दोहे का संकेत देने वाला एक शब्द उच्चारित करें, यथा "अन्धानुकरण" (सुभाषित-1) "दुर्बल" (दोहा-2) जिस टीम का बालक शब्द सुनकर सबसे पहले संबंधित सुभाषित/दोहा सुना दे, उस टीम को अंक दिए जायें । उपविजेता टीम से उक्त सुभाषित/दोहे का अर्थ पूछें । यदि उपविजेता टीम का कोई बालक ठीक-ठीक अर्थ बता दे, तो उसकी टीम को भी अंक दिए जायें । उपविजेता टी अर्थ न बता पाए तो शिक्षक बतायें । यह क्रम पर्याप्त समय तक जारी रखें ।

बालकों के व्यवहार में वांछनीय परिवर्तन

1-कक्षा की बैठकव्यवस्था में छात्रों का सहयोग और उत्साह देखने लायक था ।

2-उनका भाषा-विकास हुआ । ज्ञान बढ़ा । जीवन-मूल्यों के प्रति उनकी समझ बढ़ी ।

3-नए-नए दोहे, सुभाषित संकलित करने, सुन्दर अक्षरों में उन्हें लिखने, प्रदर्शित करने और याद करने के प्रति उनका रुझान बढ़ा ।

4-बालकों में सौन्दर्य बोध विकसित हुआ ।

छात्रों द्वारा प्रतिक्रिया

1- छात्रों ने सुन्दर लेखन में संकलन-पुस्तिका तैयार की ।

2-दोहे /सुभाषित याद कर प्रतियोगिता में उत्साह बरकरार रखा । खूब बढ़-चढ़ कर भाग लिया ।

शिक्षकों द्वारा प्रतिक्रिया

1- शिक्षकों ने बालकों द्वारा दोहे /सुभाषित याद करने की भाषा-विकास के लिए आवश्यक बताया ।

2- बालसभा कार्यक्रम की रोचकता बढ़ाने वाला खेल है ।

3- दोहे / सुभाषित एकत्र करने, लिखने, प्रदर्शित करने में रुचि ली ।

स्पष्टीकरण-5

हमारी संस्कृति के प्रतीक


विद्या का नाम: चित्रांकन खेल

उद्देश्य

1- भारत की प्राचीन कला, पुरातत्व चित्रकला, वास्तुशिल्प में अंकित विशेष चिन्हों को पहचानने की क्षमता बालकों में उत्पन्न करना ।


2- कला के प्रति आकर्षण बढ़ाना तथा सौन्दर्य -बोध विकसित करना ।

3- बालकों की रचनात्मक प्रवृत्ति को उभारना ।



हमारी संस्कृतिके प्रतीक-१

सहायक सामग्री




हमारी संस्कृति के प्रतीक-२

सहायक सामग्री



हमारी संस्कृति के प्रतीक-३

सहायक सामग्री




हमारी संस्कृति के प्रतीक-४

सहायक सामग्री



हमारी संस्कृति के प्रतीक-५

सहायक सामग्री



हमारी संस्कृति के प्रतीक-६

शिक्षकों के लिए खेल निर्देश और पूर्व तैयारी

1- संलग्न सहायक-सामग्री के चित्र तथा इस तरह के और भी चित्र 6 इंच गुणित 6 इंच आकार में बनाएं- बनवायें ।

2-उनमें रंग भरे -भरवायें और 6 इंच गुणित 6 इंच आकार की दफती (पुष्ठा) पर चिपकायें ।

3-अब प्रत्येक चित्र पर 2 इंच गुणित 2 इंच पर पेंसिल से लाइनें खींचें । इस तरह समान आकार के नौ खाने बनेंगे ।

4-इसके बाद पेंसिल की लाईन पर से चित्र को काट लें । इससे प्रत्येक चित्र के समान आकार के नौ टुकड़े बनेंगे ।

5-ऐसे अनेक सेट बनायें । एक सेट में कुल चौवन कार्ड रहेंगे ।

गतिविधि का क्रियान्वयन

प्रत्येक सेट के सभी चौवन कार्डों को अच्छी तरह मिलाएँ । छः-छः बच्चों समूह बनाकर एक सेट के सभी कार्ड उनमें समान संख्या में बाँट दें । अब प्रत्येक अपने अपनी बारी से एक-एक कार्ड खोलता जाये और जमीन पर (या टेबल पर) इसतरह रखता जाए, कि संस्कृति -चिन्हों के सभी नौ टुकड़े यथास्थान लगकर चित्र पूरा बन जाए । शिक्षक प्रत्येक चिन्ह की जानकारी छात्रों को दे तथा बारी-बारी से छात्रों से पूछे । जिस छात्र से जितनी जानकारी मिले, उसे उतने अंक दें ।

बालकों के व्यवहार में वांछित परिवर्तन

1-एक साथ छः-छः आकृतियाँ पूरी करने के लिए आवश्यक मनोयोग प्रत्येक बालक में देखने को मिला ।

2-चिन्हों के बारे में जानकारी प्राप्त करने को बालक उत्सुक रहे ।

छात्रों द्वारा प्रतिक्रिया

1- "अरे, ये कार्ड यहाँ का है, वहाँ का नहीं ।"
"मेरे पास तो एक ही चित्र के कितने सारे कार्ड ।"
"वाह वा । मेरा तो चित्र बन गया ।"
छात्रों के सभी समूहों में ऐसा जोशीला शोर था ।

2- उन्हें चित्रों में रंग भरने में मजा आया ।

शिक्षकों द्वारा प्रतिक्रिया

शिक्षकों ने बड़े ध्यान से संपूर्ण सहायक सामग्री बनाई । उन्होंने इसी खेल के लिए अन्य विषय भी सुझाए, यथा –प्राकृतिक दृश्य, महापुरुष, तीर्थस्थल आदि । अपने-अपने विद्यालयों में ऐसा खेल शुरू करने की बात कही ।

रूपांकन–6

बहुरंगी है धरती हमारी

विद्या का नाम: कार्ड का खेल

उद्देश्य

1– खेल द्वारा पर्यावरण में प्रगाढ़ता बढ़ाना ।

2– राष्ट्रीय प्रतीकों को पहचानना और उनके विषय में जानकारी प्राप्त करना ।

3– बालकों की रचनात्मकता को बढ़ाना ।

4– उनमें सौन्दर्यबोध का बीजारोपण करना ।

बहुरंगी है धरती हमारी

सहायक सामग्री

पशु	पक्षी	फल	फूल	वृक्ष
बाघ	मोर	आम	कमल	बरगद
गाय	तोता	जाम	गुलाब	नीम
भैंस	मैना	जामुन	गेन्दा	पीपल
बकरी	कोयल	संतरा	चमेली	गूलर
कुत्ता	कबूतर	अनार	मोगरा	बबूल
बिल्ली	कौआ	केला	चम्पा	अशोक
सूअर	मुर्गा	सीताफल	जूही	खजूर
घोड़ा	बगुला	पपीता	कनेर	महुआ
गधा	बतख	मौसम्बी	गुलदाउदी	सागौन
ऊँट	चील	बेर	सूरजमुखी	कचनार
हिरण	बुलबुल	चीकू	पारिजात	गुलमोहर
हाथी	तीतर	लेंध	पलाश	शीशम
खरगोश	टिटहरी	नाशपाती	केला	चिन

शिक्षकों के लिए खेल-निर्देश और पूर्व तैयारी

(1) सहायक सामग्री की तालिका में दर्शाये चित्र बनायें या छपे हुए एकत्र करें ।

(2) कार्ड शीट में से ताश के पत्ते के आकार के टुकड़े बनायें या सस्ती-सी ताश की गड्डी लें ।

(3) एक-एक कार्ड पर एक-एक चित्र चिपकायें । ऐसे अनेक सेट बनायें ।

गतिविधि का क्रियान्वयन

6:-6: के समूह में बालकों को अलग-अलग बैठाकर कार्ड या एक-एक सेट उन्हें खेलने को दें । यहाँ खेलों के तीन प्रकार अंकित हैं - 1- चित्र मिलाओं - कार्ड बराबर संख्या में बच्चों में बाँटें । अपनी पारी आने पर प्रत्येक बालक कार्ड चलेगा । जैसे ही किसी फूलवाले कार्ड पर अगला बच्चा भी फूलवाला ही कार्ड डाले, तो नीचे डले सभी कार्डों का ढेर उसे उठाना होगा । ऐसा ही पक्षीवाले कार्ड पर पक्षी का वृक्षवाले पर वृक्ष का पशुवाले पर पशु का आदि कार्ड पड़ने पर होगा । (2)-राष्ट्रीय प्रतीक पहचानों -- प्रत्येक सेट में राष्ट्रीय प्रतीक कार्डों को सर्वश्रेष्ठ माना जायेगा । कार्ड बाँटने के बाद अपनी पारी पर जो बालक राष्ट्रीय प्रतीक कार्ड चलेगा, उसे कार्ड मिल जायेंगे । (3)-- पंच-पंच -सरपंच -- सारे कार्ड दें । शेष कार्ड उलटकर बीच में रखें । प्रत्येक बालक अपनी पारी से एक-एक कार्ड उठाकर पशु या पक्षी या फल, फूल या वृक्ष वाले पाँच कार्डों का सेट बनायें । इस दौर में अनावश्यक अतिरिक्त कार्ड बीच के ढेर में उलटकर रखते जायें ।

जो बालक सबसे पहले पाँच का सेट बनायें, उसे 25 अंक मिलेंगे । जो बालक अपने सेट में राष्ट्रीय प्रतीक वाला कार्ड पाये, उसे 5 अंक अतिरिक्त मिलेंगे । कोई बालक भलेही सेट न बना पाये, किन्तु यदि उसके पास राष्ट्रीय प्रतीक वाले कार्ड हों, तो उसे प्रत्येक ऐसे कार्ड के 5 अंक मिलेंगे । लेकिन पाँचों प्रतीक हैं, तो कुल 5 अंक मिलेंगे ।

बालकों के व्यवहार में वांछित परिवर्तन

1- बालक मिल-जुलकर खेलते रहे । इससे उनमें सहयोग भावना बढ़ी ।

2- राष्ट्रीय प्रतीकों को स्पष्ट पहचानने लगे ।

3-फलों, फूलों, वृक्षों के बारे में जानकर पर्यावरण और प्रकृति के प्रति उनका आकर्षण बढ़ा ।

4-पशु-पक्षियों की आदतों, खान-पान, रहन-सहन, उपयोगिता आदि के बारे में जानने को उत्सुक हुए ।

छात्रों द्वारा प्रतिक्रिया

§1§छात्रों को सभी खेल रोचक, मनोरंजक, जानकारीपूर्ण लगे ।

§2§खेल पूरा होने पर वर्गशः कार्ड छाँटने और सेट जमाने का एक स्वयंस्फूर्त खेल वे खेलते रहे ।

शिक्षकों द्वारा प्रतिक्रिया

§1§ शिक्षकों ने इस विधा को बहु कक्षा-शिक्षण के लिए अत्यन्त उपयोगी बताया।

§2§ उन्होंने चित्र खोज लाने में बड़ी मेहनत की और रुचि ली ।

§3§ इस विधा के खेलों के लिए "भाषा-लेखक-रचनाएँ -प्रान्त" अथवा "प्रदेश-नदी पर्वत-प्रसिद्ध स्थान" जैसे सेट बनाने का सुझाव दिया ।

विशेष अभिलक्षण

प्रथम स्तरः छात्रों के -

विभिन्न खेल-गतिविधियों के क्रियान्वयन के समय बालकों के व्यवहार में विशेष अभिलक्षण परिलक्षित हुए-

1- बालकों ने अभिव्यक्ति दी-

" मजा आ रहा है "।

"अच्छा लग रहा है।"

"और खिलाइये ।"

"अभी घर नहीं जाना है ।"

2- अन्य कक्षाओं के छात्र भी खेलों में सम्मिलित होने को लालायित दिखाई दिए ।

3- छात्रों ने खेल-सामग्री बनाने में सहयोग दिया - वे खाली माचिस - डिबिया लाए । कार्डों पर कागज, चित्र आदि चिपकाते रहे । कार्डों में रंग भरते रहे । उन्होंने सुभाषित लिखे । कार्डों पर सद्गुण लिखे ।

4-बालकों को जीवन-मूल्यों संबंधी खेल रोचक लगे ।

5- उन्होंने जुलकर गीत गाये और याद किए ।

6-बालकों ने "सद्गुण समेटो" अभिनय गीत भी याद किया ।

7-उन्होंने उत्साहपूर्वक अभिनय किया ।

8-बालक, शिक्षकों के निर्देशों को ध्यानपूर्वक सुनते रहे और कहना मानते रहे

9-जीवन -मूल्यों संबंधी खेल-गतिविधियों में अभिप्रेरित हो, छात्रगण स्वेच्छा से धार्मिक महापुरुषों के चित्र ले आये और उन्हें प्रयोगकर्ता तथा सहपाठियों को दिखाते रहे ।

10- बालकों में नागरिक दायित्व के भाव उत्पन्न हुए। उन्होंने सहपाठियों को टोका - "नल बंद करो" "कुत्ते को मत मारो"।

द्वितीय स्तर: सेवाकालीन शिक्षकों के -

जीवन -मूल्य संबंधी विभिन्न खेल-गतिविधियों के क्रियान्वयन के समय सेवाकालीन प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों में परिलक्षित विशेष अभिलक्षण -

1-शिक्षकों ने जीवन मूल्य संबंधी परिचर्चाओं में उत्साह से भाग लिया ।

2-शिक्षकों ने जीवन-मूल्य संबंधी खेलों में स्वयं खेलकर भागलिया ।

3-शिक्षकों ने सद्गुण-कार्ड बनाये, सुभाषित -कार्ड बनाये ।

4-शिक्षकों ने माचिस की डिब्बियों से खेल-सामग्री का निर्माण किया ।

5-शिक्षकों ने चित्र संकलित किए, गीत याद किए ।

6-शिक्षकों ने प्रतिवेदन में अपनी प्रतिक्रियाएँ अंकित करते हुए इन खेलों को आनंददायी , उपयोगी, सरल, उद्देश्य में सफल आदि बताया ।

7-अपने-अपने विद्यालयों में जाकर शिक्षकों ने ये खेल खिलवाये और बालकों पर उनके प्रभाव की सूचना पत्रों द्वारा भेजी।

मूल्यांकन

प्रथम स्तर-

1-जीवन-मूल्यों के संबंध में खेलों द्वारा बालकों में कितनी समझ विकसित हुई है इसे जाँचने के लिए रतीदिया शासकीय माध्यमिक शाला के प्राथमिक वर्ग के 50 छात्रों को आलेख में रूपांकित ये सभी खेल खिलाये गय ।

2-इन खेलों में प्राय: वे ही 650 छात्र सम्मिलित होते रहे जिन्हें इस अभिनव प्रयोग के लिए चुना गया था ।

3-प्रयोगकर्ता द्वारा जैसे-जैसे खेल रूपांकित होते रहे वैसे-वैसे उनका प्रयोग छात्रों पर किया जाता रहा ।

4-सहभागी छात्रों का मूल्यांकन करने के लिए उनसे "सार-सार को गहि रहै" नामक मूल्यांकन पत्रक भरवाया गया ।

5-तीस मिनट की अवधि में छात्रों ने प्रश्न पढ़े, उन पर विचार किया और उत्तर अंकित किये ।

छात्रों के लिए मूल्यांकन -पत्रक

" सार-सार को गहि रहै "

§क§ सही भाव ग्रहण हेतु सही विकल्प पर निशान लगाएँ ।

§क§ त्याग -

§1§ जब हम चीजें बराबर बाँट देते हैं ।

§2§ जब छोटे बच्चों को अधिक हिस्सा देते हैं ।

§3§ जब हम हमारे हिस्से को दूसरों को देते हैं ।

§ख§ मानव प्रेम -

§1§ पालकों का बालकों से ।

§2§ अमीरों का गरीबों से ।

§3§ गुरू का शिष्य से ।

§4§ मनुष्य का मनुष्य से ।

§ग§ सहयोग -

§1§बच्चों का एक साथ पढ़ना ।

§2§ बच्चों का साथ-साथ शोर मचाना ।

§3§ बच्चों का साथ-साथ काम करना ।

§घ§ नियमितता-

§1§ सड़क पर चलने के नियमों का पालन करना ।

§2§ प्रतिदिन अपने सभी काम ठीक समय पर करना।

§3§ शासन के नियमों का विरोध न करना।

§ड§ एकाग्रता -

§1§ किसी वस्तु को एकटक देखना

§2§ तन और मन सहित किसी बात में ध्यान देना ।

§3§ एक के बाद एक किसी वस्तु को देखना ।

§घ§ उत्तरदायित्व

§1§ किसी बात का उत्तर देना ।

§2§ उत्तर दिशा में जाना ।

§3§ किसी बात की जिम्मेदारी उठाना ।

§आ§ निम्नलिखित सद्गुणों में से तुम्हें सबसे अच्छे लगने वाले तीन गुणों पर निशान लगाएँ –

§1§ सच बोलना

§2§ सहनशीलता

§3§ दयालुता

§4§ ईमानदारी

§5§ मधुर भाषी

§6§ स्वच्छता पसंद

§7§ निर्भीक

§8§ परिश्रमी

§9§ मानव प्रेम

§10§ सादगी पसंद

§इ§ अपने मित्र में कौन से गुण चाहोगे ? सही विकल्प पर निशान लगायें –

§1§ देश प्रेम और श्रद्धा

§2§ साहस और निर्भीकता

§3§ प्रेम और विश्वास

§4§ स्मृति और जिज्ञासा

§ई§ सद्गुण अपनाने से जीवन पर कौन सा प्रभाव पड़ेगा ? सही विकल्प पर निशान लगाएँ –

§1§ हम धनवान बनेंगे ।

§2§ हम अच्छे इंसान बनेंगे ।

§3§ हम स्वस्थ रहेंगे ।

§4§ हम उत्तीर्ण होंगे ।

§उ§ तुम अपने परिवार के लोगों में कौन से सद्गुण पाते हो? खाली स्थान पर दो-दो सद्गुण लिखो –

माता/ §1§..... §2§.....

पिता : §2§..... §2§

भाई : §1§ ..... §2§ .....

बहन :§1§ ..... §2§.....

छात्र का नाम .....

कक्षा .....

कक्षाध्यापक का नाम .....

विद्यालय का नाम .....

छात्रों के लिए मूल्यांकन -पत्रक के सही उत्तर

अ: क-3, ख-4, ग-5, घ-2, ङ-2, च-3,

आ: छात्र अपनी पसंद के कोई भी तीन गुण इस तरह § § चिन्हित करेंगे ।

इ: -3, ई: -2

सद्गुण अपनाने का प्रभाव: हम अच्छे इंसान बनेंगे ।

उ: माता, पिता , भाई, बहन में विद्यमान सद्गुणों को पहचान कर छात्र अपने मन से उनके दो-दो गुणों को अंकित करेंगे ।

द्वितीय स्तर

1-सेवाकालीन शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु जुलाई 94 से नवम्बर 1994 तक 8 प्रतिशा शिविर हुए । उनमें सम्मिलित 170 शिक्षकों ने क्रमशः विकसित होती आलेख की खेल-गतिविधियों में भाग लिया ।

2-अंतिम समूह के 50 प्राथमिक शिक्षकों को सभी खेलों का परिचय दिया गया तथा विधियाँ समझाई जाकर खेल सिखायेगये ।

3-"जीवन-मूल्यों का खेलों द्वारा विकास" सम्भव है, इस अवधारणा के प्रति शिक्षकों का नजरिया जानने के लिए "किसने कितना समझा" नामक मूल्यांकन पत्रक भरवाये गए । इन पत्रकों के अंत में शिक्षकों ने अपने अभिमत भी अंकित किए हैं ।

सेवाकालीन शिक्षकों के लिए
मूल्यांकन -पत्रक

शिक्षक का नाम .....

विद्यालय का नाम .....

उचित विकल्प ढूँढ कर . सही का निशान लगाएँ -

§1§ सभी धर्मों का सार -

